तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .9 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 28 दिसंबर 2025

12 एसआईआर पर हल्ला मचा रहे विपक्षी शाह का भाषण सुनें

12 साहिबजादों की शहादत को छात्रों ने किया नमन

SURAJ EDUCATION

SURAJ
GROUP OF SCHOOLS

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भारत असतो मा सद्गमय

announces

ADMISSION cum SCHOLARSHIP TEST

Sunday 25 Jan. 2026

FOR CLASSES - 1st to 12th

All Campuses at 11:00 am

OUR DOCTORS

AIIMS Bilaspur
NEHA
Mrs. KRIPA & Mr. AMARJEET

AIIMS Gorakhpur
GAURAV
Mrs. PRIYANKA & Mr. VISHNU

AIIMS Vijaypur, Jammu
MAYANK
Mrs. PAVITA DEVI & Mr. DEV PRAKASH

AIIMS Guwahati
DEEPANSHU
Mrs. PINKY DEVI & Mr. NAVEEN

Esic Medical College PGIMSR, Bengaluru
AKANSHA
Mrs. KUSUMLATA & Mr. JAI BHAGWAN

Maharshi Chyawan Medical College Koriawas, Narnaul
PRIYANSHU
Mrs. SANTOSH DEVI & Mr. DHIRU YADAV

Kalpana Chawla Govt. Medical College Karnal
KHUSHI
Mrs. POONAM DEVI & Mr. KULDEEP

Esic Medical College PGIMSR, Bengaluru
RUCHI
Mrs. ANITA & Mr. PARVEEN

Atal Bihari Vajpayee Govt. Medical College Faridabad
DEEPIKA ANAND
Mrs. SAVITA & Mr. VIKAS

Govt. Medical College Maheshwaram
MEHA
Mrs. SUNITA & Mr. AJAY

Shaheed Hasan Khan Mewati Govt. Medical College Mewat
NIKHIL
Mrs. SUNITA & Mr. RAKESH

Autonomus State Medical College Peelibheet
MANISH K SAINI
Mrs. SANJU & Mr. HORILAL SAINI

PGIMS ROHTAK
RUBAAB KHAN
Mrs. ANNAJ & Mr. MUSAQIB

Shaheed Hasan Khan Mewati Govt. Medical College Mewat
RIDHI GARG
Mrs. REKHA & Mr. AJAY KUMAR GARG

Esic Medical College NOIDA (U.P.)
PRINCE
Mrs. KRISHNA SHARMA & Mr. YOGESH K SHARMA

Army College of Medical Sciences Delhi Cantt.
SANEHA YADAV
Mrs. PAWAN KUMARI & Mr. MUKESH KUMAR

Shaheed Hasan Khan Mewati Govt. Medical College Mewat
ADNAN
Mrs. KHURSIDAN & Mr. MOHD IQBAL

OUR IITIANS

IIT BANGALURU
MANVIK K GUPTA
Mrs. RATNA GUPTA & Mr. MANOJ K GUPTA

IIT GUWAHATI
ADITI YADAV
Mrs. SUNITA KUMARI & Mr. KOMAL KUMAR

IIT DHANBAD
HIMANSHI
Mrs. BIMLA DEVI & Mr. PAWAN

IIT MANDI
PUSHPRAJ
Mrs. PUSHPA YADAV & Mr. RAJKARAN

IIT PATNA
KARISHMA
Mrs. SANJAY DEVI & Mr. PAWAN DAHIYA

IIT ROPAD
ADITYA KUMAR
Mrs. SUNITA DEVI & Mr. JAIPAL SINGH

IIT MANDI
KALPANA
Mrs. SONU & Mr. OMPRAKASH

NIT ROURKELA
IRFAN
Mrs. SUSHIL & Mr. SHABBIR MOHAMMAD

IIT INDORE
ATUL
Mrs. SUNITA & Mr. RAJKUMAR PRAJAPATI

IIT ROORKEE
TEJAL
Mrs. SHARDA & Mr. VIJAY CHAND BADSARA

IIT BHU
AYUSHI TIWARI
MRS. SUDHA TIWARI & MR. VINOD TIWARI

IIT ROORKEE
TANUJ PAL
Mrs. BEENA DEVI & Mr. SHIV DUTTA PAL

IIT SONIPAT
PIYUSH KUMAR
Mrs. ASHA DEVI & Mr. MUKESH K MEENA

IIT DHANBAD
HIMANSHI
Mrs. KAVITA & Mr. JAI SINGH

IIIT GUWAHATI
AYUSH
Mrs. MUKESH & Mr. RAVINDER

DTU DELHI TECH UNIVERSITY
NIKHIL SHARMA
Mrs. PINKI DEVI & Mr. AJAY SHARMA

NIT KURUKSHETRA
NISHTHA
Mrs. NAMITA & Mr. PARVEEN KUMAR

NSUT DELHI
LUCKY SINGH YADAV
Mrs. BIRMATI YADAV & Mr. GAJENDER S YADAV

NIT KURUKSHETRA
SHIVA
Mrs. SUMAN & Mr. INDERPAL

DTU Delhi Technical University
AVIRAL
Mrs. SHEEL KUMARI & Mr. AJAY KUMAR SINGH

सूरज के नवचयनित सीए

C.A Final Examination

C.A. PRATIBHA
Mrs. MINAXI & Mr. SUNIL KUMAR

C.A. TWINKLE SHARMA
Mrs. BABITA BHARDWAJ & Mr. SHIVSHANKAR BHARDWAJ

C.A. TWINKLE
Mrs. MEENA SAINI & Mr. SUBHASH CHANDER

C.A. MUKUL JAIN
Mrs. PRACHI JAIN & Mr. MANOJ JAIN

C.A. POOJA AGARWAL
Mrs. SUMAN DEVI & Mr. MANOJ AGARWAL

C.A. MUSKAN CHHAPOLIYA
Mrs. SANJU CHHAPOLIYA & Mr. VIJAY CHHAPOLIYA

C.A. INTERMEDIATE Qualifiers

GUNGUN
Mrs. JYOTI DEVI & Mr. MOHAN LAL

MONIKA
Mrs. SUSHMA & Mr. ASHOK KUMAR

ANIKET SHARMA
Mrs. BABITA DEVI & Mr. RAMNIWAS

ASHISH AGARWAL
Mrs. MAMTA DEVI & Mr. HARESH AGARWAL

BADAL SINGH
Mrs. REKHA DEVI & Mr. VIKRAM SINGH

AMRITA CHAURASIYA
Mrs. SNEHLATA CHAURASIYA & Mr. ANIL CHAURASIYA

SOMAY YADAV
Mrs. ASHA DEVI & Mr. OMVEER YADAV

GAURAV YADAV
Mrs. MANISHA & Mr. SURESH KUMAR

ANURADHA GARG
Mrs RUCHI GARG & Mr. AMIT GARG

CSEET

BHARTI
Mrs. ASHA & Mr. ROHTASH

ANSHIKA GUPTA
Mrs. NEHA GUPTA & Mr. SHIV BABU GUPTA

SALONI YADAV
Mrs. PARMILA DEVI & Mr. HANSRAJ YADAV

HIMANSHI
Mrs. POONAM & Mr. RAJ SINGH

SIDHANSHU
Mrs. SANGEETA & Mr. HARINDER YADAV

TANU
Mrs. SARITA YADAV & Mr. DHARMENDER

C.A. FOUNDATION

YOGESH ROHILLA
Mrs. RENA & Mr. RAJESH KUMAR

SHUBHAM SHARMA
Mrs. RITU SHARMA & Mr. LAXMIKANT SHARMA

SAKSHI
Mrs. SEEMA DEVI & Mr. DEVENDER

RASHI GARG
Ms. SANGEETA GUPTA & Mr. RAKESH GOYAL

HARSH KUMAR
Mrs. POONAM & Mr. ISHWAR YADAV

RITIKA
Mrs. RAKESH KUMARI & Mr. KARAN SINGH

ASHU SHARMA
Mrs. RENU & Mr. JASHWANT KUMAR

ANJALI
Mrs. SEEMA BALA & Mr. DINESH KUMAR

PRIYA
Mrs. REKHA & Mr. SATISH KUMAR

YOGESH
Mrs.SAVITA KUMARI & Mr. RAJESH KUMAR

KHUSHI
Mrs. POONAM & Mr. RAJENDER SINGH

AMISHA
Mrs.SONIA RANI & Mr. SURENDER SINGH

SURAJ SCHOOL CAMPUSES

SURAJ SCHOOL
MAHENDERGARH
BUCHOLI ROAD, MAHENDERGARH
Tel : 9992715599, 9992716699

SURAJ SCHOOL
REWARI
DELHI ROAD, REWARI
Tel : 9992111451, 9992555815

SURAJ SCHOOL
KOSLI
GUDIYANI ROAD, KOSLI
Tel : 9050735235, 9053539083

SURAJ SCHOOL
BAWAL
SECTOR-2, NEAR NH-8, BAWAL
Tel : 8222999801, 9416184252

SURAJ SCHOOL
BHIWADI
ALWAR ROAD, BHIWADI
Tel : 7230999911, 8222999802

SURAJ SCHOOL
PATAUDI
GURUGRAM ROAD, PATAUDI
Tel : 8814008822, 8607335533

SURAJ SCHOOL
GURUGRAM
SPR ROAD, SECTOR 75, GURUGRAM
Tel : 8222999803, 8222999804

SURAJ SCHOOL
GURUGRAM
SECTOR-56, GURUGRAM
Tel : 8745912222, 8745913333

SURAJ SCHOOL
NARNAUL
2ND MILE STONE , NARNAUL
Tel : 9053539071, 9053539072

SURAJ SCHOOL
REWARI
SECTOR-19, REWARI
Tel : 9992666855, 9992666877

SURAJ SCHOOL
DHARUHERA
SECTOR 24 - DHARUHERA
Tel : 9992111455, 9992111566

SURAJ SCHOOL
MANESAR
SECTOR-1 - MANESAR
Tel : 9992555966, 9992555967

SURAJ SCHOOL
GURUGRAM
SECTOR-52, GURUGRAM
Tel : 9992555961, 9992555962

Top Rankers...

CLAT EXAM 2025

Rank 06
DIVYA KHANNA
Mrs. Sharda Devi & Mr. Mukesh Kumar

Rank 14
JHANVI
Mrs. Shikha Mittal & Mr. Sohan Lal

Rank 15
ASHNA
Mrs Santosh Devi & Mr. Anil Kumar

Rank 29
USHA
Mrs. Rajkumari & Mr. Anup Singh

Rank 124
TANISHA
Mrs. Babli & Mr. Vijay Kumar

Rank 217
KHUSHI
Mrs. Anita & Mr. Surender

Rank 251
DRISHTI
Mrs. Ritu & Mr. Vinay Kumar

Rank 263
DEEPANSHI
Mrs. Yogita & Mr. Mukesh Kumar

NDA Written Examination Qualifiers

PRINCE KUMAR
Mrs. ANITA DEVI & Mr. ANIL KUMAR

NISHANT
Mrs. ANUJA & Mr. JOGINDER SINGH

NIKHIL
Mrs. REKHA & Mr. RAJ SINGH

HARSH YADAV
Mrs. SAROJ BALA & Mr. DINESH KUMAR

TARUN
Mrs. PUSHPA & Mr. RAKESH

AVIRAL
Mrs. SHEEL KUMARI & Mr. AJAY KUMAR

HARSH KUMAR
Mrs. POONAM KUMARI & Mr. DEEPAK

SOHAM KUCHHAL
Mrs. PAYAL RANI & Mr. SURYAKANT

PANKAJ YADAV
Mrs. RAJ BALA & Mr. INDERJEET

CBSE RESULT Class - 12th

Above 95%	Above 85%	Above 75%
26	270	662

SUPERB SELECTIONS 2025

300+	280+	65+	90+	55+
NEET (UG)	JEE MAINS	IIT-JEE ADVANCED	NDA WRITTEN	CA FOUNDATION & INTERMEDIATE

Providing Special facility for best preparation of
JEE / NEET / NDA / CA-CPT / CLAT
A.C. HOSTEL facility for boys & girls separately
at MAHENDERGARH CAMPUS

प्रकाशमय कल के लिए

खबर संक्षेप

महिला की जेब से 80 हजार रुपये चोरी

यमुनानगर। जगाधरी स्थित ईएसआई अस्पताल में इलाज के लिए आई महिला की जेब से अज्ञात ने 80 हजार रुपए चोरी कर लिए। जब महिला को अपनी जेब से पैसे गायब मिले तो उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव शहजादपुर निवासी शबनम ने हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे वह जगाधरी के ईएसआई अस्पताल में इलाज के लिए आई थी। उसने जर्सी डाली हुई थी। जर्सी की जेब में 80 हजार रुपए रखे थे।

पीजीआई की तर्ज पर जिले को मिला करोड़ों रुपये का मेडिकल कॉलेज व रेलवे क्रासिंग बना करोड़ों रुपये की लागत से ओवरब्रिज

अलविदा 2025: इस साल करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

वर्ष 2025 की विदाई होने में अब मात्र चार दिन शेष बचे हैं। मगर इस वर्ष में जिले को करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की सौगात मिल चुकी हैं। इस वर्ष में जिलेवासियों को जहां करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे गुरु तेग बहादुर सिंह मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। वहीं, शहर के बीचों बीच सहारनपुर-अंबाला रेलवे मार्ग पर दो अंडरपास, एक ओवरब्रिज और कैल से पांवटा साहिब तक नेशनल हाईवे की सौगात मिली है। जिससे जिलेवासियों को काफी लाभ पहुंचा है।

यमुनानगर। करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा मेडिकल कालेज व शहर के बीचों बीच से गुजर रहे रेलवे मार्ग पर बने अंडरपास में से गुजरते राहगीर।

बारह सौ करोड़ रुपये की लागत से बन रहा मेडिकल कालेज

लंबे अर्से से जिले में पीजीआई की तर्ज पर मेडिकल कॉलेज के बनाए जाने की मांग हो रही थी। जिसे हरियाणा सरकार ने पूरा करते हुए गांव पांजुपुर में 1200 करोड़ रुपये की लागत से श्री गुरु तेग बहादुर सिंह के नाम से राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य किया जा रहा है जो शुभारंभ होने के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वर्ष 2023 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे एवं वर्तमान में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने भूमि पूजन करके शुभारंभ किया था। जिसका निर्माण कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है और यह अंतिम चरण में है। यह जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इस मेडिकल कॉलेज से जिले समेत आसपास के जिलों व राज्यों के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा।

ट्रेन हादसों व जाम से मिला छुटकारा

शहर के बीचों बीच गुजर रहे सहारनपुर-अंबाला रेल मार्ग पर हर वर्ष सैंकड़ो लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से जान चली जाती थी। जिसे देखते हुए इस वर्ष हरियाणा सरकार के प्रयासों से रेलवे विभाग द्वारा गांधीनगर व जमना गली पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग पर करोड़ों रुपये की लागत से दो अंडर पास की सौगात मिली है। वहीं, शहर के पुराने रादौर मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर करोड़ों रुपये की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। जिसकी सौगात लोगों को मिल चुकी है। इसके बनने से शहर में आए दिन लगने वाले जाम व रेलवे मार्ग पर होने वाले हादसों से लोगों को छुटकारा मिलने में मदद मिली है।

कैल से पांवटा साहिब नेशनल हाईवे की मिली सौगात

हिमाचल व हरियाणा समेत अन्य राज्यों को जोड़ने वाले कैल से पांवटा साहिब तक नेशनल हाईवे की सौगात भी वर्ष 2025 में जिलेवासियों को मिली है और इसका निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। जिसके जल्द शुभारंभ होने से कई राज्यों के लोगों का सफर आसान होगा। वहीं, यमुनानगर से पेहवा तक सड़क मार्ग के फोरलेन बनाए जाने की इसी वर्ष में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हालहि में घोषणा की है।

जिले के साढ़ौरा खंड के गांव रसूलपुर में जनता दरबार और रात्रि ठहराव का आयोजन

शिक्षा के अभाव के कारण ही समाज में हो रहा है विघटन: उपायुक्त प्रीति

उपायुक्त प्रीति ने लोगों की समस्याएं सुनी अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा खंड साढ़ौरा के गांव रसूलपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जनता दरबार व रात्रि ठहराव का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त प्रीति ने लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप समेत जिले के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि प्रशासन गांवों के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गांव तक पहुंच रहा है।

यमुनानगर। गांव रसूलपुर के राजकीय स्कूल में आयोजित जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त प्रीति व अन्य अधिकारी।

लोगों द्वारा रखी गई समस्याओं में से जिनका समाधान मौके पर संभव था। उनका तत्काल निपटारा कर दिया गया है। शेष समस्याओं पर इसी सप्ताह विचार कर समाधान किया जाएगा तथा जो समस्याएं बजट से संबंधित हैं। उन्हें भी समय रहते विचार विमर्श कर पूरा किया जाएगा।

उपायुक्त प्रीति ने अभिभावकों से जिन बच्चों ने दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी है उन्हें दोबारा शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सभी को गर्व महसूस कराता है जब लोग बताते हैं कि उनके बच्चे शिक्षित हैं या उन्हें नौकरी मिली है। बच्चों को शिक्षा दिलाने से अनेक सामाजिक बुराइयों से बचा जा सकता है।

शिक्षा के अभाव के कारण ही समाज में विघटन हो रहा है और कम उम्र में विवाह होने से कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। जब तक समझ आती है। तब तक परिवार टूटने की कगार पर पहुंच जाते हैं। परिवारों को जोड़ने का कार्य समाज ही कर सकता है। इसलिए समाज की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह परिवारों को टूटने से बचाएं।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पंचायत के सदस्य होने जरूरी

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि भविष्य में गांव में आयोजित होने वाले जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रमों में पंचायत के सभी सदस्य मौजूद रहें। पंचायत सदस्यों से उनके वार्ड से संबंधित समस्याओं के बारे में भी पूछा जा सकता हैए जिससे पंचायत की जवाबदेही तय हो सके। जिस प्रकार पूरा प्रशासन कार्यक्रम में उपस्थित रहता है। उसी प्रकार पूरी पंचायत की उपस्थिति भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों व वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहनें तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट जरूर लगाएं। जिससे दुर्घटना की स्थिति में जान की रक्षा हो सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को भी बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल न दें। मौके पर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने और नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि समय के साथ समाज में बदलाव आया है और अब हमें महिलाओं के अधिकारों के प्रति और अधिक संवेदनशील होना होगा। उन्होंने कहा कि लड़कियों को उच्च शिक्षा अवश्य दिलाएं। ताकि वे पढ़ लिखकर सक्षम बन सकें और अपने जीवन का लक्ष्य स्वयं तय कर सकें। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, सीईओ जिला परिषद सुशील कुमार, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, सीटीएम पीयूष गुप्ता, जिला परिषद के डिप्टी सीईओ जसविंदर, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव व डीएसपी हरविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

शहीद ऊधम सिंह ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ने के लिए समाज की एकजुटता पर दिया था जोर : महीपाल

रादौर। अखिल भारतीय किसान सभा के तत्वावधान में गांव चमरोडी में शहीद उधम सिंह जयंती के उपलक्ष में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम कमेटी प्रधान वेद पाल ने की। कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। किसान सभा के जिला सचिव महीपाल ने बताया कि शहीद ऊधम सिंह ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ने के लिए समाज की एकजुटता पर जोर दिया था। क्योंकि अंग्रेज भारत की एकता को छिन्न-भिन्न करने के लिए साम्प्रदायिक ताकतों का इस्तेमाल कर रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष प्यारे लाल तंवर ने शहीद ऊधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद अंग्रेज सरकार युद्ध के समय भारतीयो से किए गए वादो से पलट गई। 13 अप्रैल 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड ब्रिटिश सरकार की क्रूरता का नमूना था। इन घटनाओं ने उधम सिंह के मन अंग्रेजी सरकार विरुद्ध लडने क्रांतिकारी जज्बा पैदा किया। ऊधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी माइकल ओडवायर को लंदन मे एक भरी सभा में गोलियों से भूनकर ब्रिटिश सरकार की नींव हिला डाली।

महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों को गंभीरता से लें अधिकारी: प्रीति

यमुनानगर। जिलास्तरीय विजिलेंस(सतर्कता) एवं मानिटरिंग कमेटी के सदस्यों की उपायुक्त कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त प्रीति ने बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त प्रीति ने बैठक में अधिकारियों को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के तहत जो भी मामले आते हैं उनके केसों को गंभीरता से लेने तथा समय पर पुलिस चालान प्रस्तुत करने और पीड़िता को नियमानुसार समय पर न्याय मिलने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में महिलाओं के विरुद्ध घटे सभी मामलों के बारे में गंभीरता से जानकारी ली। इस दौरान जिला न्यायवादी धर्मचंद ने बताया कि बैठक में उपायुक्त ने कमेटी में चिन्हित अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्याएं बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़ के गंभीर मामले और महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों पर विचार किया। उन्होंने बताया कि पोक्सो एक्ट के केसों पर भी गम्भीरता से कार्य किया जा रहा है। ताकि दोषियों को सजा मिल सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार, डीएसपी राजीव मिगलानी, जिला न्यायवादी धर्मचंद व जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पड़ोसी युवक पर चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर जगाधरी क्षेत्र में पड़ोसी युवक पर चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवाया। जिसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। बाद में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर जगाधरी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को वह अपने पति के साथ काम पर गई थी। वह बच्ची को पड़ोस में रहने वाले परिचित युवक पंकज के पास छोड़ गए थे। शाम को घर लौटने के बाद जब वह बच्ची को शौच के लिए लेकर गई तो बच्ची ने दर्द की शिकायत की। इस पर मां ने जब बच्ची के निजी अंगों की जांच की तो उसके साथ दुष्कर्म की आशंका हुई। यह देखकर उसके होश उड़ गए। जब उसने बच्ची से इस बारे पूछा तो उसने पूरी बात बताई।

युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को किया अगवा

यमुनानगर। शहर जगाधरी की एक कॉलोनी में युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। मां की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 25 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे घर से बाहर गई थी उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला।

विद्यार्थी शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में शहीद ए आजम शहीद उधम सिंह की जयंती के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने की। मौके पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीतों पर प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि

यमुनानगर। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते हुए विद्यार्थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व वंदेमातरम गीत से किया गया। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं, देशभक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर बच्चों ने देशभक्ति से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत कर सभी में देश की एकता एवं अखंडता का जोश भर दिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों के बलिदान को जीवंत कर दिया। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि शहीद उधम सिंह के देश के लिए दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

जनता स्कूल में शहीद उधम सिंह जयंती कार्यक्रम में सहयोग करने स्टाफ को किया सम्मानित

रादौर। कांबोज सभा द्वारा जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के स्टाफ सदस्यों को गत 26 दिसंबर को शहीद उधम सिंह जयंती कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांबोज सभा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद ने की।

कांबोज सभा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद ने कहा कि कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष व स्टाफ सदस्यों का सहयोग सराहनीय था। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चों ने लाडो बेटी एक्ट से समाज को एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया आज बच्चे सोशल मीडिया से जुड़कर गलत राह पर अग्रसर है। उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोडना एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। कंबोज धर्मशाला रादौर के प्रधान वेद प्रकाश ने बताया की विद्यालय सदैव इस प्रकार के कार्यों में बढ़.चढ़कर भाग लेता है। शाहिद शिरोमणि उधम सिंह कंबोज के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनता पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जिस प्रकार समाज को आईना दिखाने का काम किया हैए यह कार्य काबिले तारीफ है।

राजकीय स्कूल के पास गंदगी के ढेर पड़े रहने से वातावरण हो रहा दूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

गांव जठलाना के राजकीय स्कूल के नजदीक बरसान जाने वाले रास्ते पर गंदगी के ढ़ेर पड़े होने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे बच्चों व आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना बन गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व ग्राम पंचायत से राजकीय स्कूल के पास पड़े गंदगी के ढ़ेर को तुरंत उठवाए जाने व साफ सफाई करवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव अलाहर निवासी सुनील,संजीव, रमेश,

यमुनानगर। बरसान जाने वाले रास्ते पर पड़ा गंदगी का ढ़ेर।

अजमेर, नरेश, अनिल कुमार, प्रवीण, हिशम, कृष्ण, अनिल शर्मा व सुनील आदि ने बताया कि गांव जठलाना में राजकीय स्कूल के नजदीक बरसान को जाने वाले रास्ते पर भारी मात्रा में गांव की गदंगी के ढ़ेर पड़ा हुआ है।



सावित्री बाई फुले की धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी जयंती

रादौर। सैनी समाज द्वारा तीन जनवरी को खेड़ा मोहल्ला रादौर में सावित्री बाई फुले की 194 वीं जयंती धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस संबंध में सैनी समाज ने शनिवार को बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रधान संदीप सैनी ने की। सैनी समाज रादौर के प्रधान ने बताया कि सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। सावित्री बाई एक महान व्यकित्व की स्वामी थी। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए आवाज उठाई थी। हमें भी समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के लिये आज सावित्री बाई फुले द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने की आवश्यकता हैं।

छात्रों में रचनात्मक सोच होना जरुरी

रादौर। शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झींवरहेड़ी में शिक्षकों के लिए रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन विषय पर इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ कपिल बत्रा ने भाग लिया। मुख्य वक्ता कपिल बत्रा ने शिक्षकों को विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, तर्क शक्ति, समस्या समाधान तथा स्वतंत्र विचार विकसित करने के व्यावहारिक तरीकों से अवगत करवाया। उन्होंने शिक्षकों को समझाया अब कक्षा भवन में बच्चों के साथ आत्मीयता और व्यावहारिक ज्ञान देकर उनका सर्वांगिण विकास करना बेहद जरुरी है। मौके पर

यमुनानगर। शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

विद्यालय प्रबंधक बलवंत सिंह व शिक्षिका कविता रानी ने कपिल बत्रा का हार्दिक धन्यवाद किया। प्रधानाचार्या सुश्री रुही रानी ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। उप प्रधानाचार्य जाहिदा ने भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

मौसम | **आए दिन घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोगों के कामधंधे हुए प्रभावित**

घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से हाडतोड़ ठंड ने कपकंपाया

- ठंड के के कारण घरों में दुबकने को हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी व जिले में पिछले कई दिन से सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में बढ़ रही ठंड से लोगों के कामधंधे प्रभावित हो गए हैं। आलम यह है कि आए दिन सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से

यमुनानगर। शनिवार को घना कोहरा के बीच सड़क से गुजरते वाहन और कड़ाके की ठंड में अलाव जलाकर सेंकते हुए कामकाजी लोग।

लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। शनिवार को भी जिले में घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने तथा आसमान में धूंध के बादल छाए रहने से जिले का तापमान घटकर अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

शनिवार को लोगों को जिलेवासियों को उम्मीद थी कि ठंड से कुछ राहत मिलेगी। मगर ऐसा नहीं हुआ और लोगों को घने कोहरे व शीतलहर का सामना करना पड़ा। आलम यह रहा कि दोपहर तक जहां सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा, वहीं, शीतलहर चलने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे। जिसकी वजह से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। खास बात तो यह रही कि दोपहर तक लोग अपने कामधंधे पर जाने के लिए हिम्मत नहीं जुटा सके और अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे। इस दौरान जो लोग अपनी दुकानों या अपने गंतव्यों पर पहुंचे, वह या तो हीटर पर या फिर अलाव जलाकर सेंकते नजर आए। वहीं, मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों से जकड़ने लगे हैं। अस्पतालों में खांसी, जुखाम, बुखार व अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों की ओपीडी बढ़ने लगी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी अगले कुछ दिन मौसम में और ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

बीमा पॉलिसी क्लेम के नाम पर व्यक्ति के अकाउंट से निकाले पांच लाख 92 हजार रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार से बीमा पॉलिसी क्लेम के नाम पर आनलाइन ठगी करके पांच लाख 92 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बीमा पॉलिसी कार्रवाई हुई है। उसकी बीमा पॉलिसी का क्लेम आना था। गत 14 दिसंबर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बीमा कंपनी का कर्मचारी बताया। इसके बाद आरोपी ने बीमा पॉलिसी क्लेम के नाम पर उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। आरोपी ने लिंक पर क्लिक कर अपनी सारी डिटेल भरने को कहा। जब उसने आरोपी के कहने के अनुसार लिंक पर क्लिक कर अपनी डिटेल भरी तो उसके अकाउंट से अलग-अलग करके पांच लाख 92 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया। मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने बैंक में जाकर अपना अकाउंट ब्लॉक करवाया और मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मां भद्रकाली शक्तिपीठ में सेवा संकल्प कर मनाया नववर्ष अभिनंदन समारोह

5 साल की कंजक श्लोका पंडित ने मंत्रोचरण से कराया हवन यज्ञ, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्ष के अंतिम शनिवार को हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र में कैलेंडर नववर्ष 2026 अभिनंदन समारोह एवं सेवा संकल्प दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति , हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए सेवकों ने माँ भद्रकाली के चरणों में शीश नवाकर सेवा, साधना और समर्पण का संकल्प लिया। साथ ही आगामी नव वर्ष में संपूर्ण निष्ठा से माँ भगवती भद्रकाली जी की सेवा करने की शपथ ली।

कुरुक्षेत्र। मंदिर परिसर में आरती करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 बजे माँ भद्रकाली संकीर्तन मंडल द्वारा भजन-कीर्तन से हुई।इसके उपरांत प्रातः 11 बजे शक्तिपीठ के अन्नपूर्णा भवन में भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

रंगीन लाइटों और पुष्पों से की सजावट

शक्तिपीठ परिसर को लाल ध्वजों, पुष्प सज्जा, रंगोलियों इत्यादि से भव्य रूप से सजाया गया। हवन यज्ञ में संपूर्ण पूजन जैसे कलश पूजन, ज्योति पूजन, देवी देवताओं का आहवान, शक्तिपीठ परिक्रमा पूजन इत्यादि माँ की कंजक श्लोका पंडित द्वारा किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा की पोती, मात्र पाँच वर्ष की कंजक श्लोका पंडित द्वारा शुद्ध, स्पष्ट एवं वैदिक मंत्रोच्चारण ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूर्णाहुति के साथ आरती से हवन समपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण तथा विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा विशेष उपस्थित रहे । पीठाध्यक्ष ने मुख्य अतिथियों को माता की लाल शक्ति चुनरी व पुष्प माला से आशीर्वाद दिया। विशेष रूप से तैयार किए गए विशाल हवन कुंड में विधि-विधानपूर्वक सभी उपस्थित भक्तों द्वारा भी देवी मंत्रों एवं दुर्गा सप्तशती के अध्यायों के साथ आहुतियां दी गई।

जय भद्रकाली के उद्घोष से गूंजा परिसर

इस भावपूर्ण क्षण पर पूरा परिसर जय भद्रकाली के उद्घोष से गूंज उठा। विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि वे सौभाग्यशाली है कि माँ के दर्शन कर नया साल शुरू करेंगे, उन्होंने हरियाणा प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि माँ भद्रकाली दरबार के कार्यक्रमों जैसे कार्यक्रम उन्होंने किसी भी मंदिर में होते नहीं देखे । पीठाध्यक्ष द्वारा सुभाष सुधा का महागौरव स्थल को जोड़ने के लिए पुल निर्मित की अनुमति देने के लिए भी धन्यवाद किया गया। जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि हमारे कुरुक्षेत्र का सौभाग्य है कि शक्तिपीठ का गौरव आज सम्पूर्ण विश्व में गूंज रहा है और बड़े से बड़े व्यक्ति आज माँ के दर पर नतमस्तक होते हैं। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने अपने संबोधन में भगतों को माँ की सेवा में स्वयं को समर्पित करने के लिये प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई। हवन में देवी भागवत में वर्णित मन्त्रबल व हवन अग्नि से खीर बनाई गई, जिसका माँ को भोग लगा व बाद में उसी खीर का प्रसाद वितरण हुआ।

ये रहे मौजूद

भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी, सरस्वती बोर्ड के चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मलकीत ढांडा, ईओ राजेश कुमार उपस्थित रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि बत्तान, राजकुमार सैनी, सुशील राणा, पूर्व जिला परिषद चैयरमैन गुरुदयाल स्नेहड़ी, मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुरेश सैनी, सभी पार्षद, मंडल अध्यक्ष इत्यादि उपस्थित रहे। हवन का सीधा प्रसारण मंदिर के फेसबुक पेज पर भी किया गया। मंच संचालन देवांशु शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष डॉ एम के मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेन्द्र गर्ग, संयोजक सुनील वर्मा, प्रो हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, स्नेहिल शर्मा, देवीदयाल शर्मा, प्रीतम, अन्नू पॉल, निकुंज शर्मा, राज कुमार, जीवन मौदगिल सहित अनेक सेवक मंडल के सदस्य एवं गणमान्य भगत उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

एलसीएलओ यूनियन आज घेरेगा सीएम आवास

कुरुक्षेत्र। एलसीएलओ का शांतिपूर्ण एवं अनुशासित धरना-प्रदर्शन लगातार 100वें दिन में प्रवेश कर गया। यह धरना कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष निरंतर जारी है। कड़ाके की ठंड एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एलसीएलओ पूरी दृढ़ता, धैर्य और एकजुटता के साथ अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। एलसीएलओ यूनियन हरियाणा (सीटू) से संबंधित रडर कर्मचारी संघ के सहयोग से 28 दिसंबर को 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि जब तक एलसीएलओ की मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गई कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है तथा इस सामाजिक कुरीति के विरुद्ध सभी को अपनी आवाज उठानी चाहिए।

आयुष विश्वविद्यालय में साहिबजादों की शहादत को किया नमन

धर्म और अत्याचार के विरुद्ध इतिहास में अमर है साहिबजादों का बलिदान: मेजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता गुरुनानक स्कूल के प्राचार्य सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. मेजर सिंह ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. मेजर सिंह ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास में अद्वितीय है, जिन्होंने अत्याचार के आगे झुकने के बजाय धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श आज भी समाज को नैतिक मूल्यों, राष्ट्र प्रेम और आत्मबलिदान की प्रेरणा देते हैं। डॉ. मेजर सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत में कहा था कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब धर्म की स्थापना के लिए भगवान स्वयं अवतार लेते हैं। जब कश्मीरी पंडितों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए यातनाएं दी गईं। तब मानवता और धर्म की रक्षा के लिए नौवें सिख गुरु गुरु तेग बहादुर जी ने औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई और धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यही नहीं, गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी अपने पिता के बलिदान से प्रेरणा लेकर धर्म और आत्मसम्मान की रक्षा का मार्ग अपनाया।

कुरुक्षेत्र। गुरुनानक स्कूल के प्राचार्य सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. मेजर सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

मुगल सेना के खिलाफ दिखाई वीरता

गुरु गोबिंद सिंह जी के ज्येष्ठ पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह जी और द्वितीय पुत्र साहिबजादा जुझार सिंह जी ने 1705 में चमकौर साहिब के युद्ध में मुगल सेना का सामना करते हुए वीरता की अनुपम मिसाल पेश की। मुख्यवक्ता ने इतिहास के पन्नों में दर्ज वह घटना भी साझा की, जब गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह जी (9 वर्ष) और साहिबजादा फतेह सिंह जी (6 वर्ष) को सरहिंद में बंदी बनाकर अमानवीय यातनाएं दी गईं और दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया। डॉ. मेजर सिंह ने बताया कि साहिबजादों को बार-बार धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया, परंतु उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न तो उनके दादा गुरु तेग बहादुर जी ने इस्लाम स्वीकार किया और न ही वे कभी करेंगे। छोटी उम्र में भी साहिबजादों ने असाधारण साहस, दृढ़ निष्ठा और धर्म के प्रति अटूट विश्वास का परिचय देते हुए बलिदान दिया।

ये रहे मौजूद : *इस अवसर पर समाजसेवी रणजीत सिंह,डॉ. हरिप्रकाश शर्मा, चेतन सिंह, विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो.रणधीर सिंह,प्रो. सीमा रानी, प्रो. रवि राज, प्रो. राजेंद्र चौधरी, प्रो. नीलम, प्रो. कृष्ण कुमार, उप कुलसचिव अतुल गोयल, डॉ. सत्येंद्र सांगवान व डॉ. प्रीति गहलोत सहित अन्य उपस्थित रहे।*

चार साहिबजादों के शहीदी दिवस पर लगाया लंगर

कुरुक्षेत्र। सिख इतिहास के अद्वितीय बलिदान और साहस की अमर गाथा को याद करते हुए चार साहिबजादों की शहीदी दिवस पर बोहली-बजीदपुर मोड़ पर विशाल लंगर मंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन बाबा मखा सिंह, तरसेम सिंह, राजेश गुप्ता, राहुल मोंगिया, सतनाम, देव, शिवांग और रूबल के सहयोग से किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गुरु के साहिबजादों की शहादत संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है, जिसने सत्य, धर्म और आत्मबल की रक्षा के लिए अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं को गरम लंगर परोसा गया और गुरु ग्रंथ साहिब के पावन शब्दों की कीर्तन ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बच्चों व युवाओं ने भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

साहिबजादों व मोती लाल की याद में लगाया लंगर

कुरुक्षेत्र। मोती लाल मेहरा जिन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों को ठंडे बुर्ज में दूध की सेवा की थी। उस समय के वजीर जहांगीर ने मोती लाल मेहरा परिवार को कोल्हू में पीस दिया था। उसी की याद में मेहरा बिरादरी की ओर से गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की याद में गर्म दूध व रस, बिस्कुट का लंगर गुरुद्वारा छठी पातशाही के समक्ष लगाया गया। इसमें राहगीरों ने दूध का प्रसाद ग्रहण किया। राकेश कुमार मेहरा ने बताया कि हम हर वर्ष मोती लाल मेहरा की याद मे व साहिबजादों की याद में दूध का लंगर लगाते है। इस मौके पर गुलशन कुमार रतड़ा, कुलवंत सिंह भट्टी, अमरीक सिंह, वजीर गाबा, सुखदेव सिंह भट्टी व अन्य सेवादारों ने सेवा की।

धुंध के मौसम को देखते हुए पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप

कुरुक्षेत्र। वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस द्वारा सर्दी के मौसम और आगामी दिनो मे पडने वाली धुन्ध को देखते हुए वाहनों पर विशेष रुप से ट्रैक्टर-ट्राली, आटो, रेहडी आदि पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के अभियान की शुरूआत की गई है। शनिवार को थाना इस्माईलाबाद की टीम ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालको को सर्दी के मौसम विशेषकर धुन्ध मे सावधानी बरतने के दिशा-निर्देश दिए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग दर्शन में थाना थाना इस्माईलाबाद प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह की टीम द्वारा धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों पर रेडियम टेप और रिफ्लेक्टर लगाई। अभियान के तहत शनिवार को थाना इस्माईलाबाद प्रभारी निरीक्षक गुरनाम की अगुवाई में पुलिस नें ट्रैक्टर, ट्रॉलियों, ऑटो तथा टैक्सी आदि अनेक वाहनों पर रेडियम टेप व रिफ्लेक्टर लगाई गई। थाना प्रभारी नें बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शों का पालन करते हुए अभियान को चलाया गया। उन्होंने कहा कि सर्दियों में अधिक धुंध के दौरान अकसर सड़कों पर आगे चल रहे वाहन भी नजर नहीं आते हैं। ऐसे में दुर्घटना होनें की सम्भावना रहती है, जिसमें कई बार कई लोगों की जान तक चली जाती है। रेड रिफ्लैक्टर टेप लगनें से धुंध में चलते समय नजर आते है जिससे सडक दुर्घटना की सम्भावना कम रहती है।

शहीद ऊधम सिंह जयंती के उपलक्ष्य में सभा आयोजित

थानेसर। शहीद उधम सिंह की 126वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांधी नगर में जन संघर्ष मंच हरियाणा की ओर से सभा व प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रोग्राम करने का प्रयोजन शहीद ऊधम सिंह की कुर्बानी को याद करते हुए वर्तमान समस्याओं पर विचार करना था। सभा में बोलते हुए जन संघर्ष मंच हरियाणा की कार्यकर्ता उषा ने बताया कि आज हम भयंकर बेरोजगारी , महिलाओं के प्रति बढ़ते जा रहे यौन अपराध, लोगों के हाथ से छूटती जा रही शिक्षा व चिकित्सा, नशाखोरी व शराबखोरी आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। हमारे देश का शासक वर्ग व हिंदू कट्टरपंथी ताकतें इन सभी समस्याओं के लिए मुस्लिम, इसाई आदि अल्पसंख्यक समुदायों को जिम्मेदार ठहरा कर उनके खिलाफ नफरत व हिंसा फैला रही हैं, जिससे समाज में सांप्रदायिक सौहार्द खराब हो रहा है।

न्यूज डायरी

शहर के हर वार्ड और सेक्टर की सड़कों और गलियों का किया जा रहा निर्माण कार्य : सुधा

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से थानेसर शहर के हर वार्ड और सेक्टर की खराब सडकों और गलियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस शहर में लगभग सभी प्रमुख सडकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। अभी जिन सडकों का निर्माण कार्य लम्बित है उन सडकों का निर्माण कार्य फरवरी माह के बाद शुरू कर दिया जाएगा। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को नगर परिषद व आरडब्लयूए की तरफ से आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सेक्टर 4 वार्ड 14 में 9 लाख 34 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 600 मीटर स्ट्रोम वाटर लाइन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा पूर्व राज्यमंत्री ने 27 लाख 94 हजार की लागत से वार्ड 8 मोहन नगर में विभिन्न गलियों जिनमें बालाजी मिल्क डेयरी से एडवोकेट अमर राज, कृष्णा के घर से निंदा वाया मलकीत ढांडा के घर तक शामिल है, के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने 3 लाख 43 हजार रुपए की लागत से वार्ड 8 में डा. जैन अस्पताल से विपिन शर्मा के घर तक बनने वाली गली तथा 8 लाख 22 हजार रुपए की लागत से सेक्टर 8 में 1046 बनने वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

नशा तस्कर को 13.75 ग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट कुरुक्षेत्र ने कार्यवाही को अंजाम देते हुए नशीले पदार्थ हेरोइन की तस्करी में लिप्त एक नशा तस्कर को गांव जन्धेरी, कुरुक्षेत्र से नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। यूनिट के प्रभारी निरिक्षक मांगे राम ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यूनिट की एक टीम एसआई गुरनाम सिंह के साथ नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु थाना शाहबाद के एरिया मे मौजूद थी तभी एसआई को गुप्त सूचना मिली कि एक नशा तस्कर जो नशीले पदार्थ की तस्करी का काम करता है। जो अभी नशीला पदार्थ हेरोइन लिए हुए अपने घर के सामने तस्करी करने की फिराक मे खड़ा है। सूचना के आाधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

6 तहसीलों और सब तहसीलों में एक दिन में 667 इंतकाल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले की 6 तहसीलों व सब तहसीलों में एक दिन में 667 लम्बित इंतकालों के कार्यों को पूरा किया गया है। इस जिले की सभी तहसीलों में लोगों को पारदर्शी प्रणाली से सरकार की तमाम ऑनलाइन सुविधाओं का फायदा दिया जा रहा है। अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती गई तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त ने बैठक में दिए थे निर्देश

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शनिवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर लम्बित इंतकालों के कार्य को पूरा करने के आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी की देखरेख में थानेसर तहसील में 215, पिहोवा में 82, इस्माईलाबाद में 150, लाडवा में 72, बाबैन में 73 और शाहबाद में 75 लम्बित इंतकालों के कार्य को पूरा किया गया है। इस प्रकार इन 6 तहसील कार्यालयों में कुल 667 इंतकाल किए गए है।

चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आम नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद मरीजों का फॉलो-अप किया गया और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ. पूर्णमल ने बताया कि आज 80 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 20 मरीजों के रक्त एवं मूत्र परीक्षण किए गए। जांच के उपरांत सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं।

विभिन्न स्थानों पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाएं

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के तहत यह मोबाइल मेडिकल यूनिट नियमित रूप से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को संतुलित खान-पान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना भी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का लक्ष्य है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का कोई भी नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी संकल्प का हिस्सा है, जिसके माध्यम से गांव-गांव और जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

हम सभी को प्रेम और भक्ति से भगवान का ध्यान करना चाहिए : डा. सुरेश मिश्रा

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने को गांव बजीदपुर , कुरुक्षेत्र में विशेष मा चिंतपूर्णी की पूजा अर्चना के पावन अवसर पर रॉकी मुखीजा सुपुत्र सुरेन्द्र कुमार और शीला के सभी परिवार को आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित श्रीसिद्धार्थ रामायण भेंट की गई। इस शुभ अवसर पर अनु, अंजू, निशा अरोड़ा, कोमल मेहरा,आशा कवात्रा और सरोज शर्मा आदि के साथ सभी भक्तों ने मां दुर्गा की भेंटे गाई और सुन्दर नृत्य किया। वैदिक मंत्रों से मां दुर्गा की पूजा अर्चना और आरती करवाई। डॉ. मिश्रा ने भगवान राम के सद्गुणों का गुणगान किया और सभी का जीवन मंगलमय हो उसके लिए मां दुर्गा का ध्यान और सामूहिक प्रार्थना की। हम सभी को प्रेम और भक्ति से भगवान का ध्यान करना चाहिए। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी का सनातन धर्म में बहुत योगदान है।

कार्यक्रम | जरूरतमंदों को साइकिल व कंबल का किया वितरण

डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित कंप्यूटर एवं सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया

शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में रोटरी क्लब कर रहा सराहनीय प्रयास : रवि प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश अपनी धर्मपत्नी फर्स्ट लेडी ऑफ डिस्ट्रिक्ट शालिनी प्रकाश के साथ रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा में आधिकारिक दौरे पर पहुंचे, जहाँ उनका क्लब प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन एवं क्लब सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने अपने इस दौरे के दौरान दिनभर विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेकर रोटरी क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की। दौरे की शुरूआत प्रातः राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गाँव गुमटी से हुई, जहाँ जिला गवर्नर ने नए निर्मित टॉयलेट ब्लॉक का निरीक्षण किया। इसके बाद सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विभिन्न विद्यालयों की 20 जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरत की गई। इसके बाद 100 जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

शाहबाद। जरुरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरित करते रोटरी के सदस्य।

असेंबली में सदस्यों ने दी गतिविधियों की जानकारी

इसके पश्चात क्लब असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने अपनी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। ढोपहर बाद जिला गवर्नर ने डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित कंप्यूटर सेंटर एवं सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया तथा पास छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। तत्पश्चात उन्होंने मार्कंडेश्वर मंदिर तथा गुरुद्वारा मंजी साहिब में माथा टेका और सिद्धार्थ हॉस्पिटल पहुंचकर डायलिसिस सेंटर व रोटरी एम्बुलेंस सेवा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला गवर्नर रवि प्रकाश ने रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी सेवा ही रोटरी का मूल उद्देश्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ समाज सेवा जारी रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने क्लब प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. घुम्मन सच्चे अर्थों में सेवा भाव से जुड़े हुए, समर्पित और अत्यंत सक्रिय रोटेरियन हैं। उनके मार्गदर्शन में क्लब द्वारा किए जा रहे प्रोजेक्ट्स अतुलनीय, प्रभावशाली और समाज के लिए अत्यधिक उपयोगी हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुभाष कलसना, वरिष्ठ भाजपा नेता, जगमोहन मनचन्दा, प्रधान शिव मंदिर सभा, समाजसेवी यशपाल वाधवा, बी. डी. गाबा, डायरेक्टर नवयुग सी. से. स्कूल, दीपक सिंघल, डायरेक्टर ऐल्पाइन पब्लिक स्कूल, समाजसेवी तरलोचन सिंह हांडा, समाजसेवी राजेश बवेजा, रोटरी क्लब बराड़ा के प्रधान हरपाल सिंह, सचिव राजेश, साहिल शर्मा, तथा सभी रोटेरियन्स परिवार सहित तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल उर्फ गुडडू रजत, शिवम उर्फ गल्ट व आशीष उर्फ आशु को गिरफ्तार किया है। पालम विहार के विशाल कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने बलदेव नगर से उसका पर्स चोरी किया है। उसमें नकदी व जरूरी कागजात थे। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना सेक्टर 9 अंबाला शहर में दर्ज फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने

आरोपी मोहित कुमार को गिरफ्तार कि है। उसे रिमांड पर लिया गया है। चंडीगढ़ के सुभाष ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोहित कुमार ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

धोखाधड़ी में पुलिस ने आरोपी को किया काबू

अंबाला। थाना मुलाना में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील दत्त को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार उर्फ राणा ने बताया था कि सुनील दत्त भी इस मामलें में संलिप्त है। लक्कड़ मंडी के अनिल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी राजेश कुमार व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

अंधविश्वास निगल गया युवक की जिंदगी

अंबाला। अंधविश्वास ने युवक की जान ले ली। युवक तीन साल तक जिंदगी और मौत के बीच लड़ रहा था। पड़ोसियों की मदद ठुकराने और डॉक्टर से दूरी बनाने वाले परिजनों की वजह से प्रिंस इस दुनिया से विदा हो गया। अंबाला शहर के नदी मोहल्ला में एक बंद कमरे में तीन साल तक प्रिंस मौत को बिना उपचार के ही मात देने की कोशिश करता रहा। कपड़ा मार्केट में काम करने वाले प्रिंस (24) की बीमारी का परिजनों ने उपचार करवाने की बजाय उसे अंधविश्वास की दलदल में धकेल दिया। तीन साल पहले अचानक से प्रिंस की तबीयत खराब रहने लगी। परिजनों ने कुछ खास ध्यान नहीं दिया। बाद में जब हाथ-पैर चलना बंद हो गए तो उसे झाड़ फूंक के माध्यम से ही ठीक कराने में लगे रहे। लेकिन तब तक प्रिंस के शरीर की हालत और खराब हो गई और वह बेड पर ही आ गया।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने भाजपा की मीटिंग में विपक्षी दलों को लिया आड़े हाथों

एसआईआर पर हल्ला मचा रहे विपक्षी दल शाह का भाषण सुनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय अंब कमल में हुई। बैठक में वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने की। बैठक की शुरुआत वंदे मातरम के गीत व भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सदन में एसआईआर पर दिया गया भाषण सुना गया। पहले सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डॉ.पवन सैनी ने बूथ पर होने वाले छह कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को नियमित रूप से बूथ स्तर पर लागू करने का आह्वान किया। पहले सत्र की अध्यक्षता मार्केट कमेटी नारायणगढ़ चेयरमैन नरिंदर राणा ने की। पूर्व विधायक डॉ.पवन सैनी ने भाजपा के साल में हर साल होने वाले छह कार्यक्रमों को विस्तार से बताया। उन्होंने

अंबाला। पार्टी नेताओं को संबोधित करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर महीने सुनने की बात कही। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री असीम गोयल ने एसआईआर विषय व गृहमंत्री अमित शाह के संसद में दिए गए भाषण विषय पर व सत्र की अध्यक्षता सतीश राणा ने की। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसआईआर पर हल्ला मचा रहे विपक्षी दलों को यह भाषण अवश्य सुनना चाहिए। केवल आलोचना के लिए किसी चीज का विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि ये देखना चाहिए कि एसआईआर में गलत क्या है। उन्होंने याद दिलाया कि जो कांग्रेस एसआईआर का विरोध करके इसे गलत बता रही है उसी कांग्रेस के शासनकाल में कई बार एसआईआर हो चुका है। यह समय-समय पर होने वाली प्रक्रिया है इसलिए कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व प्रदेश की

संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की

हमें देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपना पूरा योगदान देना चाहिए। छठा सत्र में मुख्य वक्त जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण संगठनात्मक दृष्टि से अम्बाला अग्रणी व सत्र की अध्यक्षता रमेश पल नोहनी ने की। राणा ने बैठक के दौरान जिले की विस्तृत संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण संगठनात्मक दृष्टि से अम्बाला सदैव अग्रणी रहा है। सातवें सत्र में मुख्य वक्त जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर ने संपर्क, संवाद और समन्वय से संगठन होगा और अधिक सशक्त व सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने की। जिला मीडिया प्रमुख साहिल कक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विवेक गुप्ता एवं करमचंद सैनी गोलडी ने किया। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री ऋचा पाहवा, पवित्र सिंह बाजवा, अनुभव अग्रवाल सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चो के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यकारणी सदस्यों सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है और जनता सरकार के कार्यों से खुश है। तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को मनाने व अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर अपनी बात रखी व सत्र की अध्यक्षता अरुण भान ने की। चौथा सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 11 साल में किए गए कार्य पर विस्तार से चर्चा की व सत्र की अध्यक्षता मार्किट कमेटी मुलाना चेयरमैन जसमेर राणा ने की। पांचवां सत्र में मुख्य वक्ता मेयर शैलजा सचदेव ने आत्मनिर्भर भारत पर विस्तारपूर्वक बताया व सत्र की अध्यक्षता महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री ऋचा पाहवा ने की। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि देश की मजबूती की नींव है।

बच्चों को जानकारी देते हुए वक्ता।

डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग करें छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत देशभक्ति के माहौल में हुई। स्वयंसेवकों ने "वंदे मातरम्" तथा लक्ष्य गीत "उठो समाज के लिए उठ" के सामूहिक गायन के साथ दिन की शुरुआत की। इसके पश्चात योग व व्यायाम कर सभी ने स्वयं को ऊर्जावान बनाया। कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने स्वयंसेवकों के साथ दिनभर के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। शिविर की थीम डिजिटल लिटरेसी के अंतर्गत आईटी लैब में प्रायोगिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को गूगल मैप व डिजिटल संसाधनों के उपयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुज कुमार ने डिजिटल लिटरेसी पर व्याख्यान देते हुए बताया कि यह युग डिजिटल युग है। मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इनका सही, सुरक्षित और समझदारीपूर्ण उपयोग करना ही डिजिटल लिटरेसी है। उन्होंने डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग, जानकारी खोजने, समझने, साझा करने तथा ऑनलाइन सुरक्षित रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात पीजीटी नरेंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए अनुशासन एवं सेवा भावना के महत्व को बताया तथा स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रसंग सांझा किए। दोपहर बाद स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला जी, राजेश कुमार, योगेश कुमार, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, अंकुर कुमार, नरेश कुमार, सुरेश कुमार सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

शहजादपुर को नगरपालिका बनाने की तैयारी, मुख्यमंत्री कर सकते हैं ऐलान

- नारायणगढ़ क्षेत्र मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृह क्षेत्र : भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज. शहजादपुर

शहजादपुर को नगरपालिका बनाए जारे की तैयारी चल रही है। इससे यहां विकास की झड़ी लगने की बात कही जा रही है। नगरपालिका में आने वाले आसपास के अन्य पांच गांवों को भी बेहतर बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छता, सड़क, जलापूर्ति और शहरी सेवाओं का लाभ मिलेगा। भाजपा के सयोंजक अश्विन अग्रवाल ने

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शहजादपुर को नगरपालिका बनाए

शहजादपुर। मीडिया से बातचीत करते भाजपा नेता।

जाने की प्रकिया के आदेश के बाद कही। अग्रवाल ने कहा कि नए साल में मुख्यमंत्री शहजादपुर क्षेत्र के लोगों को नगरपालिका की सौगात दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ क्षेत्र मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृह क्षेत्र है। उनके प्रयास यही रहे हैं कि उनका गृह क्षेत्र विकास की नई बुलंदियों को छुए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका बनने से यहां आने वाले गांवों में शहरों की तरह सुविधाएं मिलने लगेगी। यह मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि प्रदेश का नाम देश मे ही नही विदेशों में पहले स्थान पर है। बड़ी मल्टीनेशनल कंपनिया प्रदेश में अपने उद्योग स्थापित करने को अग्रसर हैं। इससे यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। सीएम विंडों सदस्य युवा नेता मनीष मित्तल ने कहा कि यहां नगरपालिका बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने प्रकिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका बनाने के लिए 6 गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयासों से यहां विकास की बयार बहेगी।

महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश को लेकर वुमेंस रन का भव्य आयोजन

अंबाला। वुमेंस रन को झंडी देकर रवाना करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश लेकर शनिवार को वुमेंस रन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पूरे उत्साह, जोश और उमंग के साथ भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सामाजिक रूप से जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम में पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

उन्होंने वुमेंस रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में असीम गोयल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए ऐसे आयोजनों की इस समय में बेहद आवश्यकता है, क्योंकि इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे शारीरिक, मानसिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनती हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ और आत्मनिर्भर होती हैं, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र प्रगति की दिशा में आगे बढ़ता है।

ठंड से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

अंबाला। बढ़ती ठंड व शीतलहर के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुरूप सावधानियां अपनाकर शीतलहर से होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि अत्यधिक ठंड और शीतलहर के दौरान यथासंभव घर के भीतर ही रहें। अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। विशेष परिस्थितियों में बाहर जाते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखें। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो, दूरदर्शन एवं अन्य विश्वसनीय मीडिया माध्यमों से लगातार जुड़े रहें। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बीमार व्यक्तियों को ठंड से अधिक खतरा रहता है, इसलिए इनकी विशेष देखभाल आवश्यक है। साथ ही, अकेले रहने वाले बुजुर्गों और जरूरतमंद पड़ोसियों का हालचाल लेते रहना सामाजिक जिम्मेदारी है। आपात स्थिति के लिए आवश्यक दवाइयां, गर्म कपड़े और अन्य जरूरी सामग्री पहले से उपलब्ध रखें। उपायुक्त ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए हल्के लेकिन परतदार गर्म कपड़े पहनें। सिर, कान, गर्दन और पैरों को अच्छी तरह ढकना बहुत जरूरी है। गर्म टोपी, मोजे और जूते का उपयोग करें तथा ठंडी हवा से बचने के लिए मुंह और नाक को ढक कर रखें। उन्होंने यह भी कहा कि शरीर की गर्मी बनाए रखने के लिए गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें और संतुलित व पौष्टिक आहार लें।

सैनी की अगुवाई में हो रहा हल्के का रिकॉर्ड विकास

शहजादपुर। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने कहा हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में हल्का विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इससे क्षेत्रवासियों को सरकार की तरफ से आने वाले दिनों में कई सौगाते मिलेगी। भाजपा के युवा नेता ने कहा कि सरकार विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण कस्बे शहजादपुर को

नगरपालिका का दर्जा देने पर विचार कर रही है। इसके अधीन साथ लगते कुछ अन्य गांव भी शामिल हो सकते है इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा यह कस्बा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। नगरपालिका क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र वासियों को बेहतर सफाई व विकास की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस प्रस्ताव के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार प्रकट किया। सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास व पहल से नागरिक स्पताल की एक भव्य व सुसज्जित बिल्डिंग बन कर तैयार हो चुकी है जो जल्द ही लोगो को समर्पित हो जाएगी यहां बाबावानी विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर बन गए है सबसे बड़ी और युवाओं के हित में मुख्यमंत्री द्वारा जो यहां के लिए मॉडल टाउनशिप की घोषणा की गई है वह क्षेत्र के ओद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। रोजगार के साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दर्जनों सड़कों की रिपेयर व स्ट्रेंथनिंग का कार्य निरंतर जारी है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो में विकास कार्य भी द्रुत गति से चल रहे हैं।

रोडवेज, स्कूल बस समेत चार वाहन आपस में भिड़े, कई घायल

जींद। गांव कंडेला के निकट जींद-कैथल मार्ग पर शनिवार सुबह उस समय बड़ा हादसा टल गया जब ट्रक, तेल टैंकर, रोडवेज बस तथा निजी स्कूल बस की भिडंत हो गई। जिसमें ट्रक चालक, रोडवेज बस चालक समेत दर्जनभर लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के दौरान कुछ समय के रास्ता भी बाधित हो गया था। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव कंडेला के निकट जींद-कैथल मार्ग पर शनिवार सुबह कैथल की तरफ से आ रहे रेती से भरे ट्रक ने सामने से आ रहे तेल टैंकर को टक्कर मार दी। जिसके चलते टैंकर अनियंत्रित होकर पीछे आ रही कैथल डिपो की बस से जा टकराया। उसी दौरान पीछे आ रही निजी स्कूल बस भी टैंकर के पीछे जा टकराई। जिसमें रोडवज बस चालक संदीप, परिचालक रामनिवास, टैंकर चालक भट्ठू कला निवासी धर्मबीर, सहायक रमेश, गांव चंदड़कलां निवासी विनोद घायल हो गए। जबकि निजी स्कूल बस चालक को भी हल्की चोटें आई।

टायर चोर गिरोह ने तीन वारदातों को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कोहरे का फायदा उठाकर चोर कारों के टायर चोरी कर रही हैं। कार को ईंटों के सहारे छोड़ जाते हैं। पहली वारदात अंबाला कैंट की पूनिया कॉलोनी में हुई। यहां के रहने वाले आशीष यादव ने पुलिस को बताया कि 17 दिसंबर की रात चोर बलेनो कार के टायर चुरा कर ले गए। वारदात रात 12 बजे की है। दूसरी वारदात सुभाष पार्क के सामने गली में खड़ी ग्रेंड विटारा के दो टायर चोरी हो गए थे। ट्रिब्यून कॉलोनी के पुरुषोत्तम दास ने बताया कि उन्होंने वीरवार को ग्रेंड विटारा गाड़ी सुभाष पार्क के सामने वाली गली में खड़ी की थी। सुबह गाड़ी के टायर चोरी हो गए थे। यह वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। तीसरी वारदात रामपुर सरसेहड़ी गांव की गली में खड़ी ग्रेंड विटारा कार के दो टायर चोरी हो गए। महेश नगर थाना पुलिस को दी शिकायत पानीपत से आए धर्म सिंह ने बताया कि वह ममेरे भाई रामपुर सरसेहड़ी में अमित से मिलने आया था। रात में कार को घर के बाहर खड़ा किया था।

कार बदलकर 42 हजार रुपये की राशि निकाली

अंबाला सिटी। बलदेव नगर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे व्यक्ति का एक शातिर ठग ने धोखे से कार्ड बदलकर 42 हजार रुपये की राशि निकाल ली। घर लौटने के बाद जब योनो एप के जरिये खाता जांचा तो 42 हजार रुपये निकलने का पता चला। बलदेव नगर थाना पुलिस ने पीड़ित हरभजन सिंह की तहरीर पर अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त टैगोर गार्डन निवासी हरभजन सिंह ने बताया कि 24 दिसंबर को वह एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ से रुपये निकालने गए थे। एटीएम बूथ के बाहर एक युवक पहले से खड़ा था जो सब कुछ देख रहा था। हरभजन सिंह ने दो बार में 20 हजार रुपये निकाले। जब वह कार्ड निकालने लगा तो एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान बाहर खड़े युवक ने मदद के बहाने उसका कार्ड बदल लिया।

नारायणगढ़ में किसान को झांसा देकर धोखाधड़ी की

नारायणगढ़। अच्छी नस्ल की भैंस देने का झांसा देकर किसान जसबीर सिंह से 1 लाख 46 हजार 650 रुपये की धोखाधड़ी हो गई। नारायणगढ़ थाना पुलिस ने छोटी कोहड़ी निवासी किसान जसबीर सिंह की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जसबीर सिंह ने बताया कि 16 अगस्त को यूट्यूब पर भैंसों की डायरी अरावली डायरी फार्म का विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में अच्छी नस्ल की भैंस व ऑल इंडिया डिलीवरी का दावा किया गया था। दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर ठगों ने खुद को सही विक्रेता बताते हुए 1 लाख 60 हजार रुपये में सौदा तय किया व फ्री डिलीवरी का भरोसा दिया। जसबीर के अनुसार ठगों ने भरोसे में लेने के लिए गाड़ी का फोटो और नंबर भेजा। पहले एडवांस के तौर पर 10 हजार रुपये लिए गए। इसके बाद अगले दिन ठगों ने फोन कर कहा कि गाड़ी कैथल पहुंच गई है और उसका जीपीएस सिस्टम बंद हो गया है। जीपीएस चालू करने और अन्य तकनीकी बहानों से किस्तों में हजारों रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पैसे देने से मना किया तो ठगों ने उसे डराना शुरू कर दिया। यदि पैसे नहीं दिए और भैंस मर गई तो बजरंग दल के लोग उसके घर आकर हंगामा करेंगे। डर के चलते 1 लाख 46 हजार 650 रुपये भेज दिए थे।

श्रद्धा डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चार दिन तक चले कार्यक्रम

सभी विद्यार्थियों को गुरु गोविंद सिंह के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई

बाल दिवस पर साहिबजादों की शहादत को छात्रों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस पर शहादत को समर्पित चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए अत्यंत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में धर्म, देश और त्याग की भावना को जागृत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के माध्यमिक स्तर तक के सभी विद्यार्थियों को श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित एक ज्ञानवर्धक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से

अंबाला। कढ़ी चावल का लंगर वितरित करते स्कूल प्रिंसिपल व अन्य।

विद्यार्थियों को गुरु परंपरा, बलिदान, साहस और राष्ट्रधर्म की महत्ता से परिचित कराया गया, जिससे बाल मन श्रद्धा और गौरव से भर उठा। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को भारत मंडपम से प्रसारित वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओजस्वी एवं प्रेरणादायक संबोधन सुना। इसी क्रम में विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान साहिबजादों की शहादत पर आधारित एक प्रभावशाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, प्रश्नोत्तरी का संचालन करते हुए गौरी वंदना एवं अपिंद्र कौर ने प्रश्नों के साथ-साथ उनसे जुड़ी ऐतिहासिक कथाओं और प्रसंगों का भी उल्लेख किया। प्रश्नोत्तरी के दौरान विद्यालय का संपूर्ण वातावरण फौजी तेज, देशभक्ति और गर्व से ओत-प्रोत दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और जागरूकता के साथ प्रश्नों के उत्तर देकर इतिहास के प्रति अपनी समझ का परिचय दिया। आशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित वीर बाल दिवस भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के होनहार विद्यार्थी एकसप्रीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कढ़ी-चावल का लंगर लगाया

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने इस संपूर्ण आयोजन में विशेष रुचि प्रकट करते हुए प्री-प्राइमरी विभाग के बाहर साहिबजादों की स्मृति में कढ़ी-चावल के लंगर की व्यवस्था करवाई। इस अवसर पर उन्होंने साहिबजादों की शहादत के प्रति अपनी गहन श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कामना की कि विद्यालय के विद्यार्थियों के भीतर अपने धर्म और देश के प्रति त्याग, समर्पण और सेवा की भावना सदैव बनी रहे।

हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
नववर्ष विशेष 2026
रोहतक रविवार
28 दिसंबर 2025
P-1
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

नवारंभ का संदेश लेकर नववर्ष द्वार पर खड़ा है। उसका स्वागत हम पूरे उत्साह-उमंग के साथ अवश्य करें। साथ ही आगामी नववर्ष में न केवल अपने जीवन को, अपने से जुड़े लोगों, समाज और पर्यावरण को बेहतर बनाने का संकल्प भी जरूर लें। न केवल संकल्प लें, उसे क्रियान्वित करने के लिए भी समग्र ऊर्जा से सक्रिय रहें। तभी आगामी वर्ष में चहुंओर नवचेतना का संचार होगा।

आवरण कथा
कुमार राधारमण

नववर्ष में हम करें नवचेतना का संचार



वर्तमान साल बीत रहा है। नए साल ने दस्तक दे दी है। नया साल सिर्फ कैलेंडर का बदल जाना नहीं होता है। यह बीत रहे साल की समीक्षा का अवसर भी है। हम सबकी कुछ अच्छी और कुछ कड़वी यादें इससे जुड़ी होंगी। नया साल विगत की अनुकूल स्मृतियों को सहेजने, उसे नए साल में नई ऊंचाइयां देने का अवसर है। यह प्रतिकूलताओं से सबक लेने का मौका है। जीवन की हर घटना सीखने का अवसर भी होती है। हम सब कई बार चूकते हैं। हमारी चूक निराशा का कारण न बने, हम अपनी गलतियों से सीखें। इसी में वर्तमान का उल्लास भी है और भविष्य का सुनहरा स्वप्न भी।

बनाए रखेंगे सकारात्मक दृष्टिकोण: नया साल, नए उत्साह, नई संभावनाओं, नए सपनों और नए संकल्पों को नए पंख देने का अवसर है। जीवन में हमेशा एक नई शुरुआत संभव है। बीत रहा साल चाहे जैसा रहा हो, नए साल में हम अपनी कहानी फिर से लिख सकते हैं। हर नए दिन का उपयोग हम अपने लक्ष्य के करीब जाने के लिए कर सकते हैं। यह सकारात्मक सोच से ही संभव होगा, क्योंकि चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता तभी विकसित होती है। हर समस्या, अपना समाधान भी लिए होती है। इसलिए,

बीता साल जैसा भी रहा, उसे धन्यवाद दें कि हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण प्रसंग उपस्थित हुआ। धन्यवाद इसलिए कि बीते साल की सफलताओं ने हमको आत्मविश्वास दिया, खुशियां दीं और असफलताओं ने हमको मजबूत, संवेदनशील और समझदार बनाया।

प्रकृति नित नूतन है। यह नूतनता पुराने के प्रति आग्रह छोड़ने का निमंत्रण है। विगत चाहे स्वर्णकाल रहा हो, हमारी आज की चुनौतियां नई हैं और हमें आज की परिस्थितियों में निखरने के लिए हमेशा अपने मन के द्वार नए के लिए खुले रखने होंगे। विकास की यही परिभाषा है। सिर्फ व्यापार को ही नहीं, मन को भी मुक्त करने की जरूरत है। सभी समस्याओं की जड़ भूत और भविष्य से बंधा हमारा मन ही है, जबकि चुनौतियां वर्तमान की हैं। मुक्त मन समावेशी तो होता ही है, दूसरों की मुक्ति के द्वार भी खोलता है।

सीखेंगे नित नए कौशल: तेजी से बदलती इस दुनिया में निरंतर सीखना और अपना कौशल विकास करते रहना जरूरी है। व्यस्तता हमें अनचाहे ही अकसर अपने प्रियजनों से दूर कर देती है। वास्तविक दुनिया के लोगों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना भी हमारा संकल्प हो। इससे क्षमाभाव मजबूत होगा, पुरानी कड़वाहट दूर होगी, संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी, मन हल्का और खुश रहेगा। अपने लिए यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें। बड़े सपने देखें, बशर्ते उसे कार्यरूप देने का सामर्थ्य भी हम में हो।

तन-मन का रखेंगे ध्यान: स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं। संतुलित आहार और पर्याप्त नींद भी हमारे संकल्प का हिस्सा हो। मौजूदा उन्मादी दौर में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन सीखना और सकारात्मक मानसिकता विकसित करना आधुनिक जीवन की आवश्यकता है। हर हाल में अच्छाई खोजना और आशावादी रहना जीवन को रूपांतरित कर देता है। हम सक्षम हैं और सफल होने के योग्य हैं, यह विश्वास सदा बना रहे। विंस्टन चर्चिल का प्रसिद्ध कथन है कि न तो सफलता अंतिम होती है, न असफलता घातक होती है, असली बात यह है कि आपमें जारी रखने का साहस है या नहीं।

धनार्जन भी है जरूरी: धन भी महत्वपूर्ण है। गरीब रखने वाली विचारधारा से दूर रहें। वित्तीय लक्ष्य तय करें। बचत और निवेश बुद्धिमत्तापूर्वक करें। अनावश्यक खर्चे कम करना भी धन अर्जित करना ही है। लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास वर्तमान को जाया न कर दें। भविष्य

अनिश्चितताओं से भरा है। अगली पीढ़ी के लिए सब सोचना आपका ही दायित्व नहीं है, अगली पीढ़ी खुद भी अपने लिए करेगी ही। आप अपने वर्तमान को स्वर्णिम बनाएं। जब आप खूब धन कमा लेंगे, एक दिन वही धन ऊब पैदा करने लगेगा। भौतिक धन परमधन को पाने का साधन मात्र रहे। पावर ऑफ मेनिफेस्टेशन का उपयोग केवल धन को आकर्षित करने के लिए न करें। हमारे पास जो कुछ भी है, उसके प्रति कृतज्ञता से जीवन में अच्छाई को आकर्षित करना भी सीखें।

रहेंगे खुद के करीब: समय धन से भी अधिक कीमती है। इसका सदुपयोग करें। आलस्य छोड़ें, तभी हम अधिक उत्पादक और सफल बन पाएंगे। आलस्य छोड़ने का मतलब हर समय व्यस्त रहना नहीं है। आराम और मनोरंजन भी महत्वपूर्ण हैं। संतुलन चाहिए। आत्म-प्रेम समग्र विकास के लिए जरूरी है। अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए समय निकालना हमारे जीवन को समृद्ध बनाता है। लिहाजा, रोजमर्रा के जीवन में कुछ पल ऐसे जरूर हों, जो नितांत निजी हों, जिसमें मोबाइल की भी दखल न हो। अपने लिए समय निकालना जरूरी है। लेकिन यह औरों के बनाए रील्स देखने के लिए न हो। यह समय अपनी पसंद के काम करने, किताबें पढ़ने, संगीत सुनने, ध्यान करने या प्रकृति से जुड़ने का हो जो हमको तरोताजा कर दे।

समाज-पर्यावरण का रखेंगे ध्यान: सभ्य नागरिक अपने समाज और पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार होता है। हमारी पृथ्वी रहने लायक बनी रहे, आने वाली पीढ़ियों के लिए हम आदर्श बनें, नया साल इस संकल्प से भरने का समय भी है। जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक कार्यों में भागीदारी आंतरिक संतुष्टि देती है। अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें और नई चीजें आजमाने का साहस रखें। जीवन एक साहसिक यात्रा है और नए अनुभव हमें जीवंत और उत्साहित रखते हैं। सच्ची खुशी और संतुष्टि अनुभव, रिश्ते और भीतरी शांति ही देती है।

शांति के लिए करेंगे प्रयास: इस समय दुनिया भर में राजनीतिक और आर्थिक कारणों से अस्थिरता, अनिश्चितता का माहौल है। भय और चिंता के इस परिदृश्य में, अंतर्मंथन की जितनी जरूरत आज है, पिछले कुछ दशकों में शायद ही रही हो। युद्धों की आहट अनेक आशंकाएं पैदा कर रही हैं। हमारी वास्तविक जरूरत शांति है। शांत मन ही गहरी से गहरी समस्या का सम्यक समाधान तलाश सकता है और एक बेहतर जीवन की ठोस आधारशिला तैयार कर सकता है। विश्व शांति किसी धर्म या हथियार से नहीं, बल्कि जागरूकता से, हृदय से आ सकती है और उसका मार्ग ध्यान है। इसी से मनुष्य, मनुष्य से जुड़ा महसूस करेगा। प्रतिकूल समय में ही ज्ञान, धर्म, साहस और ऊर्जा की परीक्षा होती है। असली ज्ञान, ऊर्जा, धर्म और पराक्रम यह है कि हम जहां भी हों, वहां के आस-पास की प्रकृति कोमल हो जाए। हम जिनके बीच रहें, उनकी भलाई स्वतः प्रकट होने लगे। हमारे भीतर इतनी गहरी शांति उतर आए कि सबके प्रति एक स्वीकार भाव हो। हम इसके लिए अपने स्तर पर अवश्य प्रयास करेंगे, ऐसा संकल्प जरूर लें। तब निश्चय ही आगामी वर्ष खुशहाली से भरपूर होगा। *

विशेष : वैश्विक परिवार दिवस, 1 जनवरी

वर्ष का पहला दिन यानी 1 जनवरी को पूरी दुनिया में ग्लोबल फैमिली-डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य परिवार की महत्ता को समझना और पारिवारिक प्रेम-सौहार्द की भावना को व्यक्तिगत जीवन से लेकर समाज, देश ही नहीं पूरे विश्व में प्रसारित करना है।

व्यक्तिगत से वैश्विक कुटुंब तक बना रहे प्रेम-सौहार्द-शांति

आह्वान / शिखर चंद जैन

हर वर्ष 1 जनवरी को ग्लोबल फैमिली-डे यानी वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के लोगों को एक बड़े वैश्विक परिवार के रूप में जोड़ने के साथ ही उनमें शांति, एकता, प्रेम और सौहार्द के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

भारत की प्राचीन अवधारणा: हमारे देश में तो प्राचीन काल से ही 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा को महत्व दिया जाता रहा है। लेकिन आधुनिक विश्व में ग्लोबल फैमिली-डे मनाने की शुरुआत, संयुक्त राष्ट्र के 'शांति के एक दिन' की विचारधारा से हुई थी। इसे देश, धर्म या नस्ल की सीमाओं से परे सभी लोगों द्वारा मिलकर मनाया जाता है। इस प्रकार यह दिन प्रेम और सद्भाव फैलाने पर जोर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सब एक वैश्विक गांव के ही सदस्य हैं और हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक परिवार की तरह रहना चाहिए। इसके तहत सभी को प्रेम, शांति और सौहार्द के साथ रहना सिखाया जाता है। दुनिया में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना और युद्ध-हिंसा से बचाना इसका मूल उद्देश्य है।

कब-कैसे हुई शुरुआत: वैश्विक परिवार दिवस मनाने का विचार पिछली सदी में एक किताब से आया था। इसकी शुरुआत 1990 के दशक के अंत में हुई, जब 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2000 को 'शांति की संस्कृति के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक और विश्व के बच्चों के लिए अहिंसा' के रूप में घोषित किया। इस अवधारणा को स्टीव डायमंड और एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित बच्चों की एक किताब 'वन डे इन पीस, जनवरी 01, 2000' से प्रेरणा मिली। इस कहानी में एक ऐसी दुनिया की कल्पना की गई थी, जहां लोग 1 जनवरी को अपने सभी मतभेदों को एक तरफ रख देते हैं और भाईचारे की भावना का जश्न मनाते हैं। इसने 'शांति का एक दिन' समारोह की शुरुआत की। 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को शांति लाने के लिए वर्ष का पहला दिन समर्पित करने का औपचारिक निमंत्रण मिला। 2001 में, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिन को मान्यता दी, और तब से हर साल 1 जनवरी को यह दिवस मनाया जाता है।

मनाती है पूरी दुनिया: वैश्विक परिवार दिवस का उत्सव भौगोलिक सीमाओं से बंधा नहीं है, बल्कि यह एक वैचारिक उत्सव है। इसे किसी एक देश का पर्व मानने के बजाय, मानवता के प्रति एक वैश्विक दृष्टिकोण के रूप में मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस सरल, सार्थक कार्यों के बारे में ध्यान आकर्षित करता है, जो घर परिवार से लेकर वैश्विक एकता की भावना को दर्शाता है।

परिवार के संग मनाएं यह दिन: यह दिन संघर्षों को भूलकर, एक-दूसरे के प्रति आभार व्यक्त करने और प्रेम फैलाने पर जोर देता है। इस पूरे दिन आप अपने परिवार के साथ समय बिता सकते हैं। इसके लिए परिवार के सदस्य एक साथ भोजन कर सकते हैं, कोई सामूहिक खेल, खेल सकते हैं या एक-दूसरे से बात करते हुए अच्छा समय गुजार सकते हैं। आप चाहें तो इस दिन को सामुदायिक सेवा के लिए स्वयंसेवा करके या वैश्विक स्तर पर शांति के लिए काम करने वाली संस्थाओं के लिए श्रमदान करके भी मना सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने ग्लोबल मित्रों की विभिन्न संस्कृतियों, उनकी परंपराओं, व्यंजनों या कहानियों को साझा करके वैश्विक विविधता की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस से अलग: हालांकि इस दिन को मनाने की शुरुआत मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई, लेकिन इसे अब दुनिया भर के लगभग हर देश के परिवारों द्वारा मनाया जाता है, जिसमें हर देश और संस्कृति के लोग शामिल होते हैं। इससे मिलता-जुलता एक और महत्वपूर्ण दिवस अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ फैमिलीज) भी है, जो हर साल 15 मई को मनाया जाता है, इसे भी संयुक्त राष्ट्र ने ही घोषित किया था और यह भी परिवार के महत्व पर केंद्रित है। *



कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव

एक वर्ष फिर बीत गया

बीते वर्षों जैसा ही कुछ, एक वर्ष फिर बीत गया।
कभी हृदय खिल उठा पुष्प-सा,
और कभी गुपचुप रोया।
कभी सफलता स्वयं आ गई,
कभी स्वर्ण-अवसर खोया।
आता-जाता रहा वक्त भी
अपने ही रथ पर चढ़कर,
कालचक्र की उथल-पुथल में यह जीवनघट रीत गया।
हर्ष, शोक, संघर्ष, समन्वय,
सुख-दुख, धूप-छांव जैसे।
कुछ दिन बीते खुशहाली में,
बीते कुछ जैसे-तैसे।
दांव-पेंच षड्यंत्रों का भी
खेल सीखने विवश हुआ,
जीता कभी किसी से मैं या, कोई मुझसे जीत गया।
जब-जब स्वर गीतों-गजलों के
मेरे होंठों पर आए।
लय तब कहीं अधूरी पाई
वाद्ययंत्र बिगड़े पाए।
हारा नहीं आत्मबल लेकिन
कोई जतन सफल होगा,
बिगड़े साजों से रच दूंगा, मैं कोई संगीत नया।

व्यंग्य / अंशुमाली रस्तोगी

ठंड में चोरी करना आसान काम नहीं। जब लोग अपनी-अपनी रजाइयों में छिपे-दुबके बैठे होते हैं, तब चोर उनके घरों में चोरी करने उतरते हैं। एक तरफ ठंड का सितम, दूसरी तरफ पकड़े जाने का डर। फिर भी, वे अपने कर्म पथ पर डटे रहते हैं।

ठंड और चोर

इन दिनों ठंड आतंक मचाए हुए है। रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं करता। न नहाने का दिल करता है। जी करता है, पूरे टाइम रजाई में सिकुड़े पड़े रहो। लेकिन मैं दाद देता हूं उन चोरों को, जो भीषण ठंड में भी चोरी कर रहे हैं। ठंड में चोरी करना आसान काम नहीं। जब लोग अपनी-अपनी रजाइयों में छिपे-दुबके बैठे होते हैं, तब चोर उनके घरों में चोरी करने उतरते हैं। एक तरफ ठंड का सितम, दूसरी तरफ पकड़े जाने का डर। फिर भी, वे अपने कर्म पथ पर डटे रहते हैं। पापी पेट क्या-क्या नहीं करवा लेता। आज के जमाने में चोरी करना पाप कैसे कहा जा सकता है!

बदलते समय के साथ चोरी के तरीके भी काफी बदल गए हैं। कुछ चोरियां अब ऐसी भी हैं, जिनके लिए घर से बाहर निकलना ही नहीं पड़ता। वे घर बैठे-बैठे ही हो जाती हैं। ऑनलाइन ठगी (चोरी) में कहीं जाने की जरूरत नहीं। कहीं से भी बैठकर किसी के भी बैंक खाते से रुपए उड़ाए जा सकते हैं। ये चोर बेहद शातिर होते हैं। बातें बनाकर फंसाने में माहिर होते हैं। इधर सावधानी घटी, उधर काम तमाम हुआ। लेकिन ऑनलाइन चोर पारंपरिक चोरों की तरह मेहनती नहीं होते। माना कि ऑनलाइन चोरी में मुनाफा अधिक है किंतु जमीनी अनुभव न के बराबर है। ऐसी चोरी भला किस काम की, जिसमें हाथ-पैर न हिलाने पड़ें।

अब तो पारंपरिक चोरों ने भी ऑनलाइन चोरी का रास्ता पकड़ लिया है। वे भी अधिक मेहनत करने से कतराने लगे हैं। चोरी की लाइन में नई पीढ़ी जो आ रही है, उसका झुकाव ऑनलाइन ठगी की तरफ ज्यादा है। चोरी के नए-नए तरीके उसने ईजाद कर लिए हैं। फोन पर लोगों को उल्लू बनाकर खाते से पलभर में रुपया सफा-चट कर रहे हैं।

लेकिन मुझे तो जमीन से जुड़े पारंपरिक चोर ही अधिक पसंद हैं। वे चोरी करते हैं तो लगता है कि वास्तविक चोरी हुई है। चोरी की रपट लिखी जाती है। पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंचती है। चोरी गई चीजों का हिसाब-किताब लगाया जाता है। ध्यान रहे, चोरी में गहने जरूर चुराते हैं। नकदी पर भी हाथ साफ किया जाता है। घर वालों, आस-पड़ोस, नौकर-चाकर से पूछताछ होती है। खबर अखबारों में छपती है। चार जन चाय और पान के खोके पर चर्चा करते हैं। मोहल्ले में दहशत का सा माहौल बनता है। चोरी होने वाले घर का दूर-दूर तक नाम होता है। कुछ भी कहिए, सीन पारंपरिक चोरी में ही बनता है।

विकट ठंड में चोरी कंपकंपी छुड़ा देती है। मगर पापी पेट की खातिर उन्हें यह करना पड़ता है। आखिर उनका भी परिवार है। उन्हें भी अपने शौक पूरे करने हैं। बीवी की पसंद और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का भी ध्यान रखना है। चोरों का भी दिल होता है। मैंने कहानियों में कई ऐसे चोरों के बारे में सुन रखा है, जो चोरी की कमाई गरीबों में बांट दिया करते थे। कभी निम्न वर्ग को परेशान नहीं करते थे। उनके टारगेट पर हमेशा धन्नासेठ ही रहा करते थे। कितने दयावान चोर थे वे। मेरा मानना है कि चोरी करना, कविता या व्यंग्य लिखने से कहीं कठिन काम है। जितनी अक्ल चोरी करने में लगानी पड़ती है न, उतनी गणित के सवाल हल करने में नहीं। लेकिन लोग हैं कि चोरों को हमेशा बद-दुआएं देते हैं। कभी उनका आदर-सम्मान नहीं करते। चोर हैं तो क्या, इंसान तो वे भी हैं। इतना तय है कि धरती से जैसे भ्रष्टाचार कभी नहीं मिट सकता, वैसे ही चोरी भी कभी खत्म नहीं हो सकती। चोरों में भी नई-नई नस्लें आती रहेंगी। नए-नए तरीके चोरी के ईजाद किए जाते रहेंगे परंतु चोरियां खत्म कभी न होंगी। ठंड के मौसम में चोरी करना निश्चित ही कर्रा काम है। मेरे विचार में ऐसे वीर चोरों को कोई न कोई पुरस्कार भी जरूर मिलना चाहिए! नहीं क्या...! *

विज्ञापन...

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली

देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in



बीत रहे साल की विदाई और नए साल के स्वागत का जश्न पूरी दुनिया में उत्साह-उमंग से मनाया जाता है। अपने देश में भी न्यू ईयर ईव को पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। देश के अलग-अलग स्थानों, खासकर टूरिस्ट प्लेसेस पर कैसी हो रही न्यू ईयर ईव के जश्न की तैयारी, आप जरूर जानना चाहेंगे।

सेलिब्रेशन / लोकमित्र गौतम

न्यू ईयर ईव का जश्न हो रही तैयारी जोरदार

साल 2025 विदा होने वाला है। इसके साथ ही नया साल 2026 आने के लिए तैयार है। बीते साल की विदाई और नए साल के स्वागत में पूरी दुनिया में दिसंबर माह के आखिरी सप्ताह में जश्न का माहौल रहता है। अपने देश में भी क्रिसमस के बाद सड़कों पर शाम होते ही रोशनी जगमगाने लगती है। बाजारों में चहल-पहल बढ़ जाती है और हर जगह अलविदा-ए-जश्न के रंग-बिरंगे पोस्टर चस्पा हो जाते हैं। वास्तव में अब नए वर्ष का स्वागत, धर्म-समुदाय से ऊपर उठकर साझे जश्न का पर्व बनकर उभरा है। यही कारण है कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक दुनिया के हर कोने में 31 दिसंबर की रात जश्न की रात होती है। हर साल की तरह इस साल भी नए साल के स्वागत में जश्न मनाने के लिए तैयार देश के कई शहर खासतौर पर तैयार हो रहे हैं।

दिल्ली हेरिटेज स्टाइल का सेलिब्रेशनः दिल्ली की सर्दी और न्यू ईयर के जश्न का जादू एक ऐसा सदाबहार कॉम्बिनेशन है, जिसका कहीं से कोई मुकाबला नहीं। इंडिया गेट के आस-पास होने वाले लाइट शो, राजपथ के कैफे में थीम नाइट्स और फाइव स्टार होटलों में क्लासिक फ्यूजन, न्यू ईयर ईव डिनर, सब सेलिब्रेशन मोड पर पहुंच चुके हैं। दिल्ली की खासियत है, यहां लोगों की गैदरिंग और

पसंद के हिसाब से हर तरह की पार्टियों का आयोजन किया जाता है। चाहे रॉयल हो या आधुनिक, शांत या उत्साह के शोर से भरपूर। यहां न्यू ईयर ईव के जश्न का हर रंग मौजूद होता है। जिसे यहां आकर ही फील किया जा सकता है।

गोवा सजने-संवरने लगे हैं सी-बीचः गोवा के समुद्रतटों पर नए साल के जश्न की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गोवा की सागरतटीय रेत, इस बार भी विदाई पार्टियों की राजधानी बनेगी। अलग-अलग स्पेशल शोज के साथ निजी बीच क्लबों की झूमती डीजे नाइट्स की टिकटें रिकॉर्ड बुकिंग के साथ बीते सालों की तरह अपने मेहमानों का इंतजार कर रही हैं। लहरों पर लरजती रोशनी, रात भर मस्ती के आलाप में मगन रहने वाली धुनें और समुद्र के किनारे का काउंटडाउन, यही है गोवा के न्यू ईयर ईव के जश्न का जलवा। गोवा प्रायः हर साल ही देश में खासतौर पर जश्न-ए-विदाई का मेन सेंटर बन जाता है।

मुंबई सपनों के शहर में शानदार स्वागतः गेट वे ऑफ इंडिया की भव्य लाइटिंग, मरीन ड्राइव के किनारे लोगों का हुजूम और क्लबों में थिरकती थीम पार्टियां। मुंबई 2025 की विदाई के लिए क्रिस्टल काउंटडाउन थीम डिसाइड की गई है। न्यूऑन सेटअप, हाई वोल्टेज म्यूजिक और मध्य रात की आतिशबाजियां मिलकर, इस शहर की तेज रफ्तार

जिंदगी को कुछ और ही रहस्यमयी रौनक से लबरेज करती हैं। यहां सिर्फ पार्टियां ही नहीं होतीं, एक ग्लोबल तेवर के साथ नए साल का सेलिब्रेशन भी संपन्न होता है।

पुडुचेरी सौम्य-संस्कारों भरी विदाईः जो लोग शांति और सौम्यता में खुशी का एहसास करना चाहते हैं, उनके लिए उपयुक्त जगह है पुडुचेरी। पुडुचेरी भी साल 2025 की विदाई पार्टियों की तैयारी जोर-शोर से पूरी करने में लगा है। फ्रेंच क्वार्टर्स में जैज नाइट्स, आश्रमों में मेडिटेशन संध्या और रॉक बीच पर कैंडल-लिट-वॉक, ये सब यहां की न्यू ईयर हलचल को एक अलग ही रंग देते हैं। यहां का जश्न उन लोगों की पहली पसंद होता है, जो साल का स्वागत शोर से नहीं, अपने भीतर की गूंजती शांति और दमकती आभा के साथ करना चाहते हैं।

शिमला-मनाली बर्फ की चादर में खुशियों के रंगः उत्तर भारत के पर्वतीय शहरों में शिमला जैसा नए साल के उत्सव का जलवा किसी दूसरे शहर को नसीब नहीं है। इस बार यहां स्नो फेयरवेल नाइट्स की जोरदार तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। शिमला का ही एक्सटेंशन मनाली को माना जाता है। इसलिए इसे शिमला-मनाली जश्न की संज्ञा दी जाती है। यहां 31 दिसंबर की रात अकसर बर्फबारी होती है और यही इस जश्न का क्लाइमेक्स होता है। बर्फबारी के बीच अलाव, मध्यम संगीत और लग्जरी कैंप, मनाली-शिमला जश्न के रंग बिल्कुल अलग हैं। यहां न्यू ईयर की पार्टियों का जश्न दिलों में गमाईश भरता है, जिसे शब्द बयां नहीं कर सकते।

बैंग्लुरु तारों की छांव में संगीतमय विदाईः हाल के वर्षों

में बैंग्लुरु युवाओं का शहर कहा जाने लगा है और यह हर बार पुराने नियम तोड़कर नए नियम गढ़ता है। इस बार भी इसकी नए साल के जश्न की तैयारी भरपूर हो चुकी है। देश के सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले इस शहर में ओपन एयर वेन्यू और रूफ टॉप्स पर इंटी बैंड्स पार्टियों की भरपूर तैयारी है। लाइव डीजे सेट, क्राफ्ट ब्रुअरी नाइट की तैयारियां अपने चरम पर हैं। टेक सिटी का यह अंदाज यहां आने वाले मेहमानों को याद दिलाता है कि नया साल सिर्फ पार्टी नहीं, एक नया और युवा जोश का जश्न है। *

तब न्यू ईयर बन जाएगा हेल्दी-हैप्पी-सक्सेसफुल

नया साल शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। आप जरूर सोच रहे होंगे कि आने वाले साल में ऐसा क्या करें, जिससे पूरा साल आपके लिए हेल्दी, हैप्पी और सक्सेसफुल साबित हो। हम दे रहे हैं, इससे रिलेटेड सजेशंस।

सजेशन / अंजू जैन

जाता हुआ साल हमारे मन में कुछ शिकायतें और अधूरी उम्मीदें छोड़ जाता है। बीता हुआ वक्त तो वापस आ नहीं सकता, इसलिए उसके बारे में सोचकर परेशान होने की बजाय हम बीते साल की कमियों और गलतियों की समीक्षा करें और आने वाले साल उन्हें सुधार लें तो हम नव वर्ष को हैप्पी बना सकते हैं।

रिलेशनशिप में बनी रहे गर्माहट

हमारे इर्द-गिर्द रहने वाले मित्र, परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, सहकर्मी, सहपाठी, बिजनेस पार्टनर और पड़ोसी आदि हमारे जीवन को काफी हद तक प्रभावित करते हैं। इन सारे रिश्तों पर सरसरी तौर पर नजर डालें और समीक्षा करें। विचार करें कि आपने इनके लिए पूरे साल क्या किया और बदले में उन्होंने आपके साथ कैसा व्यवहार किया?

एक्शनः नए साल में इन सारे रिश्तों को आप प्राथमिकता के आधार पर कैटेगराइज करें। जिनसे आपको नेगेटिव रिएक्शन मिला, उन्हें सबसे निचले पायदान पर रखें। सहयोगी, स्नेहिल और केयरिंग लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता की श्रेणी में रखें। तय कर लें कि इस साल आपको सिर्फ पॉजिटिव एटीट्यूड और सपोर्टिंग नेचर वाले रिलेशंस को मेंटेन करने में ही अपनी एनर्जी का उपयोग करना है। इससे आप साल भर इमोशनली खुश रहेंगे, आपका सपोर्ट सिस्टम स्ट्रॉन्ग होगा और रिश्ते भी इंप्रूव होंगे।

फिजिकल-मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान

अपनी हेल्थ को लेकर खुद से कुछ बुनियादी सवाल पूछें। आपने अंतिम बार कब अपना बीपी चेक करवाया था? आपके हार्ट की हेल्थ का क्या हाल है? क्या आप मॉर्निंक वॉक, वर्कआउट या किसी फिजिकल एक्टिविटी में इंवॉल्व हैं? क्या आपको रात को ठीक से नींद नहीं आती है? इन सवालों के जवाब ईमानदारी से दें और अगर जवाब निराशाजनक हैं, तो अब आपको एलर्ट हो जाना चाहिए।

एक्शनः इस बात का इंतजार न करें कि आपको बड़ी बीमारी घेर ले। ज्यादा देर न करके साल की शुरूआत में ही अपने जनरल फिजिशियन से मिलें और अपना हेल्थ चेक करवाएं। पक्का निश्चय कर लें कि आप रोज 30 मिनट किसी न किसी प्रकार की फिजिकल एक्टिविटी में जरूर इंवॉल्व होंगे। स्मार्टफोन का सीमित और जरूरी प्रयोग करेंगे और नशे से दूर रहेंगे। मेडिटेशन से मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रखेंगे।

फाइनेंस इश्यूज को ना करें इग्नोर

हर नए साल में आपको चाहिए कि आप अपनी वित्तीय स्थिति पर गंभीरतापूर्वक विचार करें। वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य के लिए फाइनेंस इश्यूज को इग्नोर ना करें।

एक्शनः फाइनेंस से जुड़े अपने कमजोर पहलुओं को समझें। इस साल के लिए कुछ वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने की प्लानिंग भी बनाएं। घर में सबके लिए हेल्थ इश्योरेंस और अपने लिए रिटायरमेंट प्लान सुनिश्चित करें।

करियर को दें नई दिशा

अगर बीते साल आपका करियर आपकी उम्मीदों के मुताबिक परिणाम देने वाला नहीं रहा। आपकी नई जॉब पाने की कोशिशें असफल हो गईं। ऐसे में वक्त है एलर्ट होने का।

एक्शनः नए साल में आपका करियर और आत्मविश्वास डांवाडोल न रहें, इसके लिए सबसे पहले खुद को अपडेट करें। अपने प्रोफेशन से जुड़ी नवीनतम जानकारियां हासिल करें। कोई नई स्किल सीखें। अपनी पर्सनालिटी में निखार लाएं। कम्यूनिकेशन स्किल इंप्रूव करें। अपना रेज्यूमे अच्छी तरह से दोबारा तैयार करें। लगातार जॉब हंटिंग करते रहें। अपने बॉस और कलीग्स के साथ रिश्तों को सुधारें।

सबसे जरूरी है आत्मसंतुष्टि

अगर आपने पूरा वक्त सिर्फ दूसरों को खुश करने में बिता दिया तो समझ लीजिए कि आपने जिंदगी को बिताया है, जिया नहीं है। जिंदगी आपकी है, इसलिए आपको खुद को खुश करने का पूरा हक है।

एक्शनः हर रोज कम से कम दो घंटे अपनी खुशी के लिए कुछ करें। चाहे वह आपकी हॉबीज को अटेंड करने की बात हो या फिर अपने अरमान पूरे करने की। हर किसी को खुश करने की आदत छोड़ें और सिर्फ उनकी परवाह करें जिनके नाराज होने से आपको वाकई फर्क पड़ता हो।

बस, इन बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाकर आप अपने नए साल को खुशहाल बना सकते हैं। *

किसी देश की तरक्की मापने का एक पैमाना यह भी होता है कि उस देश ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कितनी तरक्की की है? भारत के लिए विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्वर्णिम उपलब्धियों से भरा रहा साल 2025। इस वर्ष देश की उपलब्धियों पर एक नजर।

साइंस और टेक्नोलॉजी-2025

साल की शानदार अचीवमेंट्स

साइंस-टेक
संजय श्रीवास्तव

इस साल हमने दुनिया को यह दिखा दिया कि विज्ञान, तकनीक और उससे जुड़े क्षेत्रों में प्रगति के मामले में हम किसी के कम नहीं। इस साल देश ने विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण तथा कृषि जैसे क्षेत्रों में जो उपलब्धियां हासिल कीं वे अभूतपूर्व हैं। भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा संबंधित क्षेत्रों में जिस तरह प्रगति कर रहा है, जल्द ही वह संसार के चुनिंदा विकसित देशों की बराबरी करने लगेगा। बेशक इसमें सरकार की नीतियों, हमारे वैज्ञानिकों और संस्थाओं का सम्मिलित प्रयास शामिल है लेकिन हमें अपने शिक्षा संस्थानों का योगदान भी नहीं भूलना चाहिए।

शुभांशु शुक्ला ने किया गौरवान्वितः शुभांशु शुक्ला इस वर्ष देश ही नहीं, दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रहे। एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा बने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने।

युवा प्रतिभाओं की भूमिका पर जोरः इस बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय था, 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'। यह देखना सुखद था कि सरकार ने इस नारे के उद्देश्य को जमीन पर उतारा तथा युवा प्रतिभाओं की भूमिका पर जोर दिया। इसके चलते नवाचारों में उल्लेखनीय बढ़त दिखी। सरकार का सबसे ज्यादा जोर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, एआई तथा अन्य महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों पर रहा। सरकार ने वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और सामरिक आत्मनिर्भरता हासिल करने, अपनी चिप विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए भी भारी निवेश इस वर्ष किया।

नवाचार की दिशा में बढ़े कदमः एआई और स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए इस साल कई नीतियां और प्रोत्साहन कार्यक्रम लागू किए गए। एसईआरबी का नाम बदलकर 'विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड और नवाचार', यानी 'एसआरबीआई' कर दिया गया। अब यह अकादमिक अनुसंधान को वित्तपोषित करने के साथ-साथ बाजार-आधारित नवाचारों को भी बढ़ावा दे रहा है। इसका नतीजा भी इसी साल दिखा, देश ने अंतरिक्ष मिशनों के लिए डिजाइन किया अपना पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम 32' विकसित और प्रदर्शित किया गया। यह उपलब्धि देश को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। इससे देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रक्षा प्रणालियों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो सकेगा।

इसरो की उल्लेखनीय उपलब्धियांः हर साल की तरह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित होने के कई अवसर दिए। इसरो ने इस वर्ष की शुरुआत में 16 जनवरी को, अपना पहला ऑन-ऑर्बिट डॉकिंग प्रयोग स्पेडेक्स सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके तहत लगभग 28,400 किमी प्रतिघंटा की गति से यात्रा करने वाले दो उपग्रहों को साथ लाकर डॉक किया। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया। 30 जुलाई को जीएसएलवी एफ 16 रॉकेट के माध्यम से नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार, निसार उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया जो पृथ्वी अवलोकन उपग्रह आपदा प्रबंधन, पारिस्थितिकी तंत्र निगरानी और जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में मदद करेगा। अभी कुछ ही दिन पहले अमेरिका के करीब छह टन वजनी संचार उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। कुल मिलाकर भारत को वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में और मजबूत करने वाले इसरो ने 2025 में 200 से अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं।

डीआरडीओ ने बढ़ाई रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरताः रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और टाटा जैसे स्वदेशी तकनीकी स्टार्टअप्स ने मिलकर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की। इन उपलब्धियों ने थलसेना, वायुसेना और नौसेना की परिचालन क्षमताओं को काफी बढ़ाया। 2 दिसंबर 2025 को डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों को घरेलू स्तर पर विकसित सात प्रौद्योगिकियां सौंपीं। टाटा-डीआरडीओ ने जल, थल दोनों पर चलने वाला बख्तरबंद वाहन विकसित किया है, इसके द्वारा विकसित इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित हथियार प्रशिक्षण प्रणाली और युद्ध सिमुलेशन ने प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बना दिया। डीआरडीओ ने वायु सेना के लिए एयरबोर्न सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर हेतु स्वदेशी हाई-वोल्टेज बिजली आपूर्ति प्रणाली विकसित किया। भारतीय नौसेना को डीआरडीओ ने ऐसी समुद्री जल बैटरी प्रणाली सौंपी है कि वह पानी के भीतर लंबी अवधि तक रह सकती है।

तकनीकी क्षेत्र में अन्य उपलब्धियांः आईआईटी मुंबई के शोधकर्ताओं ने इस वर्ष देश का पहला स्वदेशी 'क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप' विकसित किया, जो सूक्ष्म चुंबकीय क्षेत्रों का सटीक पता लगाने में सक्षम है। यह क्वांटम प्रौद्योगिकी के वैश्विक विकास में भारत के योगदान को मजबूत करता है। नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग ने भी इस साल उल्लेखनीय प्रगति की है।

कृषि क्षेत्र में इस साल एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर प्रेसिजन एग्रीकल्चर और जीन एडिटिंग, बायोफोर्टिफाइड बीज आधारित खेती को व्यापक रूप से अपनाया गया। इससे फसलों की पैदावार बढ़ेगी तो पानी जैसे कृषि संसाधनों की खपत में कमी आएगी। कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीता साल बहुत उत्साहवर्धक और प्रेरक रहा। *

बॉलीवुड-2025
कैलाश सिंह

इस साल थिएटर-ओटीटी पर किन फिल्मों ने मचाया धमाल

बीत रहे साल में जहां कुछ फिल्मों ने उम्मीद से अधिक सक्सेस हासिल की, वहीं कुछ बिग बजट-बैनर की फिल्में भी कोई कमाल नहीं दिखा सकीं। फिल्मों के प्रति दर्शकों के टेस्ट में आए बदलाव की वजहें और इस साल रिलीज फिल्मों-ओटीटी शोज पर एक नजर।

'सैयारा' दर्शकों ने खूब किया पसंद

'कांतारा' साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक

बीते कई सालों की तरह 2025 भी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए मिला-जुला रहा। कई बड़े बजट की फिल्में फ्लॉप रहीं तो कुछ छोटे बजट की फिल्में भी सक्सेसफुल रहीं। इस साल थिएटर में फिल्म देखने के संदर्भ में दर्शकों की घटती रुचि के बारे में कई प्रकार की चर्चाएं भी हुईं। सिनेमाघर मालिक सारे साल यह बहस करते रहे कि दर्शकों का थिएटर से दूर होने के पीछे का असल मुद्दा, फिल्मों का निरंतरता के साथ रिलीज न होना है। हाल के वर्षों में सात फिल्मों ने 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की, जिससे सिद्ध होता है कि अच्छी फिल्मों की मांग अब भी बहुत है। लेकिन जब एक के बाद दूसरी रिलीज में बहुत फासला बढ़ जाता है, तो दर्शकों की सिनेमाघर में आने की दिलचस्पी कम हो जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर फिल्म निरंतरता के साथ रिलीज हों तो कंडीशन सुधर सकती है। कई वितरकों का तर्क है कि अधिक टैक्स के कारण टिकट्स के दाम बढ़ गए हैं, जिससे दर्शक सिनेमाघरों की तरफ कदम नहीं बढ़ा रहे हैं।

'धुरंधर' रही साल की सर्वाधिक सफल फिल्म

बदल रही दर्शकों की पसंदः चेन्नई के एक कार्यक्रम में अभिनेता कमल हासन ने कहा, 'आज क्षेत्रीय, नया राष्ट्रीय बन गया है और देशज, नया अंतरराष्ट्रीय। जो कहानियां मदुरै, मालाप्पुरम, मांड्या या मछलीपट्टनम में जन्म ले रही हैं, वह अब क्षेत्रीय सिनेमा नहीं है, वे राष्ट्रीय सांस्कृतिक घटनाएं हैं। एक फिल्म जिसकी जड़ें तटीय कर्नाटक में हैं जैसे 'कांतारा', पूरे देश में पसंद की जाती है।' भारतीय मनोरंजन के बदलते लैंडस्केप और ओटीटी की बढ़ती प्रासंगिकता के बारे में हासन का कहना है, 'भारत का मीडिया और मनोरंजन बदल रहा है। आज की कहानियां वास्तव में दर्शक के साथ यात्रा करती हैं।'

नहीं चला कोई स्पेशल जॉनरः इस साल दर्शकों द्वारा पसंद की गई फिल्मों की बात करें तो हॉरर जॉनर ने प्रभाव अवश्य छोड़ा, लेकिन किसी विशेष जॉनर ने सिनेमा में राज नहीं किया। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में हॉलीवुड की अलग-अलग जॉनर की फिल्में देश के विभिन्न हिस्सों में रिलीज की गईं, लेकिन अतीत की तरह किसी खास जॉनर- हॉरर, ड्रामा या सुपरहीरो ने सफलता की गारंटी नहीं दी। आज दर्शक बहुत अधिक चूजी हो गए हैं और सिनेमाघर में तभी जाते हैं, जब फिल्म उनकी उम्मीदों के अनुरूप हो। इस नजरिए से 'इंटरस्टेलर' के री-रिलीज को देख सकते हैं, जो भारत में 2025 में सबसे अधिक कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्म बनी और नई रिलीज से भी आगे निकल गई। 'इंटरस्टेलर' के अतिरिक्त जिन ग्लोबल फिल्मों को इस साल पसंद किया गया वे हैं, 'एफ1,' 'जुरासिक वर्ल्ड', 'मिशन इंपॉसिबल', 'द कांजुरिंग 4', 'डेमन स्लेयर' और 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस।'

इस साल रिलीज सफल फिल्मेंः बात अगर इस साल रिलीज देश में बनी सफल फिल्मों की करें तो 'कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1' भारतीय दर्शकों की सबसे पसंदीदा फिल्म बनी। इस फिल्म को 6 लाख लोगों ने दोबारा देखा। एडवांस बुकिंग की बात करें तो 'कुली' फिल्म की 2.4 मिलियन सीटें पहले से रिजर्व की गईं। अन्य फिल्में, जिन्हें दर्शकों ने इस साल खूब पसंद किया वो थीं, 'छावा', 'सैयारा', 'महावतार नरसिम्हा', 'लोखा', 'थुदारुम', 'वॉर-2', 'सितारे जमीन पर' और 'धुरंधर'।

बॉक्स ऑफिस कलेक्शनः बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के लिहाज से देखें तो दशहरे के सप्ताहंत पर सबसे ज्यादा फिल्में देखी गईं। उस दौरान 6.3 मिलियन टिकट बिके, जो फिल्में अक्टूबर 2025 में रिलीज हुईं, उन्होंने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1,669 करोड़ रुपए की कमाई की। जनवरी से अक्टूबर 2025 तक कुल मिलाकर 11,077 करोड़ रुपए की कमाई हुई, जोकि 2024 की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक रही। अभी तक सबसे अधिक कमाई (735 करोड़ रूपए) 'कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1' ने की। हालांकि 'धुरंधर', बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बेस पर 'कांतारा' को भी पीछे छोड़ कर इस साल की सबसे अधिक कमाई वाली फिल्म बन गई है।

री-रिलीज फिल्में भी की गईं पसंदः इस साल बॉक्स ऑफिस पर पुरानी री-रिलीज फिल्मों का भी बोलबाला रहा। इन फिल्मों ने नॉस्टैल्जिया की वजह से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस सिलसिले में हैदराबाद भारत का री-रिलीज कैपिटल रहा। 'ये जवानी है दीवानी', 'सनम तेरी कसम', 'सालार', 'आदू' और 'रामाबनम' जैसी टॉप थ्रोबैक फिल्में सबसे सफल रहीं। *

टॉप ट्रेंडिंग ओटीटी शोज

बीते कुछ वर्षों में एंटरटेनमेंट की एक समानांतर दुनिया विकसित हुई है। इन दिनों थिएटर में रिलीज फिल्मों के साथ-साथ ओटीटी शोज को भी दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड', 'ब्लैक वारंट', 'पाताल लोक (सीजन 2)', 'पंचायत (सीजन 4)', 'मंडाला मर्डर्स', 'खौफ', 'स्पेशल ऑप्स (सीजन 2)', 'खाकी : द बंगाल चैप्टर', 'द फैमिली मैन (सीजन 3)' और 'क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर' जैसे ओटीटी शोज को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

दर्शकों को भाया 'द फैमिली मैन' (सीजन 3)